RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 147 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 18 मई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# हैदराबाद में लगी भीषण आग, 17 की मौत, कई गंभीर

## मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना में ऐतिहासिक चारमीनार के पास गुलजार हाउस की एक इमारत में







आज भीषण आग लग गई। इमारत में लगी इस भीषण आग की चपेट में आने से 17 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। घटना पर पीएम मोदी और मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने घटना पर शोक जताया है। वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिया कि इमारत में फंसे लोगों को बचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। जिस बिल्डिंग में आग लगी है, वह शहर की फेमस इमारत है। यह आग शहर के सबसे बड़े आग हादसों में से एक बन गई है। दस घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को अस्पताल में ले जाया गया है।

दमकल विभाग के अनुसार, आग सुबह 5.30 बजे लगी। उस समय ज्यादातर लोग सो रहे थे। आग इमारत के ग्राउंड फ्लोर से शुरू हुई। फिर धुआं तेजी से पूरी इमारत में फैल गया। इससे लोगों का दम घुट गया और उनकी मौत हो गई।

केंद्रीय मंत्री और राज्य BJP प्रमुख जी किशन रेड्डी ने बताया कि आग एक मोती की दुकान में लगी। दुकान एक परिवार की थी और उनका घर दुकान के ऊपर ही था। उन्होंने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। उन्होंने कहा कि इस हादसे में कई लोगों की जान चली गई है। कुछ लोग घायल भी हुए हैं। मैं किसी पर आरोप नहीं लगा रहा हूं, लेकिन हैदराबाद तेजी से विकसित हो रहा है। इसलिए पुलिस, नगर निगम, दमकल और बिजली विभाग को मजबूत किया जाना चाहिए।

दमकल विभाग ने आग बुझाने के लिए 11 गाड़ियां भेजीं। ये गाड़ियां लैंगर हौज़, मुगलपुरा, गौलीगुड़ा, राजेंद्र नगर, गांधी आउटपोस्ट और सालारजंग संग्रहालय जैसे कई स्टेशनों से आई थीं। बचाव कार्य में दो बचाव टेंडर, एक ब्रोंटो स्काईलिफ्ट, तीन पानी के टैंकर और एक रोबोट भी शामिल थे। आग लगने के कारणों की जांच अभी भी जारी है।

### स्वास्थ्य विभाग की बनी टीम

**तेलंगाना के स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजानर सिम्हा के आदेश पर उस्मानिया जनरल अस्पताल में विशेष मेडिकल टीमें बनाई गई हैं। ये टीमें आग दुर्घटना के पीड़ितों को 24 घंटे इलाज मुहैया कराएंगी। इन टीमों में प्लास्टिक सर्जरी, एनेस्थीसिया और जनरल सर्जरी जैसे विभागों के डॉक्टर शामिल हैं। वे हर समय इमरजेंसी मामलों को संभालने के लिए उपलब्ध रहेंगे। स्वास्थ्य सचिव क्रिस्टीना जेड. चोंगथू, चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. नरेंद्र कुमार, स्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवींद्र नायक और हैदराबाद DMHO डॉ. वेंकट स्थिति पर नजर रख रहे हैं। वे सभी पीड़ितों को विशेष देखभाल सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।**

### पीएम मोदी ने जताया शोक



**प्रधानमंत्री कार्यालय ने मृतकों के परिवारों को मुआवजा देने की घोषणा की है। पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, 'हैदराबाद, तेलंगाना में आग लगने से लोगों की जान जाने से दुखी हूं। जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना। घायल जल्द ठीक हों।' उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।**

# पाकिस्तान चीन से खरीदेगा राफेल फाइटर विमान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** अभी हाल में हुए भारत-पाकिस्तान के जंग में राफेल विमानों की मारक क्षमता का दंश झेल चुका पाकिस्तान इस राफेल विमान से काफी खौफजदा है। राफेल फाइटर जेट्स द्वारा किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान इस विमान की मारक क्षमता से बुरी तरह दबाव में आकर चीन से 5वीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जे-35ए खरीदने की तैयारी कर रहा है।



भारत के राफेल विमानों ने कथित तौर पर पाकिस्तान के 11 एयरबेस पर भारी तबाही मचाई, जिससे पाकिस्तान में डर का माहौल बना। भारत का यह ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ था, और इसमें राफेल विमानों की रणनीतिक भूमिका ने पाकिस्तान को रणनीतिक रूप से सोचने पर मजबूर कर दिया। इसीलिए पाकिस्तान ने भी चीन से 5वीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर विमान जे-35ए खरीदने की तैयारी कर ली है।

पाकिस्तान, चीन के जे-35ए स्टील्थ फाइटर जेट्स का 40 विमानों का बेड़ा खरीदने जा रहा है। यह विमान रडार से बच निकलने में सक्षम है और इसकी तुलना अमेरिका के एफ-35 से की जा रही है। पाकिस्तान के रिटायर्ड अफसरों का दावा है कि इससे पाकिस्तान की हवाई ताकत भारत से 10-12 साल आगे हो जाएगी।

इस विमान को चीन की सेनयंग एयरक्राफ्ट कार्पोरेशन ने विकसित किया है। यह विमान जुहाई एयर शो में पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आया। इसमें दो इंजन, स्टील्थ टेक्नोलॉजी, मल्टीरोल क्षमता, और अमेरिकी एफ-35 जैसी डिजाइन विशेषताएं हैं। पाकिस्तान और चीन की गहरी सैन्य साझेदारी अब वायुसेना के स्तर पर भी (शेष पृष्ठ-3 पर)

# सांसद डॉ. महेश शर्मा ने नोएडा मीडिया क्लब की नई टीम से की मुलाकात

## मीडिया और पत्रकारों के कल्याण के लिए पूर्ण सहयोग का दिया भरोसा



**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने नोएडा मीडिया क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी से कैलाश अस्पताल सेक्टर-27 में मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को मिठाई खिलाकर हार्दिक बधाई दी और क्लब की जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाने के लिए शुभकामनाएं दीं।

लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की अहमियत को रेखांकित करते हुए सांसद डॉ महेश शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता समाज का आईना है। आपकी सकारात्मक भूमिका से ही जनता तक सही जानकारी पहुँचती है। उन्होंने कार्यकारिणी से अपेक्षा जताई कि वह पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए नोएडा मीडिया क्लब को नई दिशा प्रदान करें और पत्रकारों के हित में सकारात्मक पहल करें।

गौतमबुद्धनगर सांसद महेश शर्मा ने कहा कि यदि क्लब को किसी भी स्तर पर सहायता की आवश्यकता होगी तो वे स्वयं और उनका कार्यालय हरसंभव सहयोग करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष आलोक द्विवेदी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सांसद का स्वागत किया और आश्वासन दिया कि उनकी पूरी टीम पत्रकारिता के उच्च आदर्शों को कायम रखते हुए नोएडा के पत्रकारों की भलाई के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

बैठक के दौरान कार्यकारिणी सदस्यों ने क्लब की भावी योजनाओं से भी सांसद को अवगत कराया, जिस पर डॉ. महेश शर्मा ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# मंदिर, कब्रिस्तान की दीवार और मजारों पर चला बुलडोजर

**मुरादाबाद (एजेंसी)।** मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा हाईवे के



विस्तारीकरण प्रोजेक्ट के तहत प्रशासन ने 9 मंदिर, एक मजार और एक कब्रिस्तान को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया है। उस्मानपुर गांव में मंदिर तोड़े जाने का विरोध हुआ, लेकिन कुछ समझाने के बाद लोग मान गए। फोलादपुर, रघुनाथपुर और सुल्तानपुर में मंदिरों के साथ-साथ मजार और कब्रिस्तान भी हटा दिए गए।

जिस वक्त बुलडोजर मंदिर को तोड़ने पहुंचा तो लोगों ने इसका भारी विरोध किया। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के समझाने पर लोग मान गए और मंदिर से मूर्तियां हटा लीं। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# होटल में शराब और बीयर की चल रही थी पार्टी, पुलिस ने मारा छापा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा पुलिस, आबकारी विभाग और क्राइम डिटेक्शन (सीडीटी) की



टीम ने एक गेस्ट हाउस और रेस्टॉरेंट में छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि अफ्रीकी मूल के नागरिक अवैध शराब और बीयर के साथ पार्टी कर रहे थे। इसमें एक नाइजीरियन महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान नाइजीरिया के ओरेकेसे स्ट्रीट, ओगवुशुकुरे निवासी कैसेंड्रा (44) और उनके सहयोगी विक्टर (44) के रूप में हुई है। दोनों वर्तमान में ग्रेटर नोएडा के पैरामाउंट सोसाइटी में रह रहे थे।

आरोपियों के कब्जे से 1 टोयोटा कार और भारी मात्रा में हरियाणा मार्का अवैध शराब बरामद हुई है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# आरडब्ल्यूए ने स्वच्छता कर्मियों को दिए 10ई गार्बेज लोडर

**नोएडा (चेतना मंच)।** फेडरेशन ऑफ़ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 ने एचसीएल फाउंडेशन के



माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपने सेक्टर में उचित कचरा प्रबंधन हेतु सेक्टर की विभिन्न अपार्टमेंट आरडब्ल्यूए को कुल 10 ई-गार्बेज लोडर प्रदान किए गए।

आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के.के. जैन एव महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि इससे हमारे सेक्टर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को और बेहतर तरीक़े से लागू करने में मदद मिलेगी। साथ ही साथ सफ़ाई कर्मचारियों को कूड़े को प्लांट तक पहुँचाने में काफ़ी सहूलियत होगी कार्यक्रम का आयोजन कम्युनिटी सेंटर सेक्टर 34 में किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय कुमार खत्री द्वारा सफाई कर्मचारियों को ई-गार्बेज लोडर की चाबी देकर रवाना किया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# तीन लाख का गांजा और कार के साथ तस्कर गिरफ्तार



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। थाना सेक्टर-63 पुलिस ने गांजे की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को मैट्रो पिलर नंबर 36 के पास से गिरफ्तार किया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# प्रधानमंत्री ने जिस ब्लॉकचैन तकनीक को सराहा कंपनी ने की लांच

**नोएडा (चेतना मंच)।** डिजिटल दुनिया पूरी तरह से बदलने वाली है। मीनाटीवर्स कंपनी द्वारा दो नए टेक्नोलॉजी इनोवेशन किए गए हैं। जो आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में एक क्रांति साबित हुई है। नोएडा मीडिया क्लब में कंपनी द्वारा एक प्रेसवार्ता करते हुए जानकारी दी गयी कि कंपनी द्वारा मीनाटीवर्सऔर मीनाटी ब्लॉकचेन इनोवेशन लाँच किए गए हैं जिनके बाद डिजिटल दुनिया और ज्यादा एडवांस हो जाएगी।




कंपनी के मार्केटिंग हेड सचिन नागपाल ने बताया कि मीनाटीवर्स, मीनाटी कंपनी का अपना मेटावर्स है जो एक ऐसा वर्चुअल वर्ल्ड जो रियल वर्ल्ड एक्सपीरियंस को एक थ्री डी डिजिटल स्पेस में बदल देता है। यहाँ उपयोगकर्ता अपने घर से ही कई जरूरी काम कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि वर्चुअल शॉपिंग स्टोर्स में घूमकर प्रोडक्ट्स का थ्रीडी प्रीव्यू, ट्राय और ख़रीदारी, इंटरैक्टिव वर्चुअल क्लासरूम्स, डिजिटल लैब्स और लाइव लर्निंग सेशंस, एडवांस 3डी गेम्स जिनमें प्ले टू अर्न मॉडल होंगे,वर्चुअल बैंकों के ज़रिए सीमलेस और सिक्योर ट्रांजेक्शन्स,डॉक्टर से वर्चुअल कंसल्टेशन, रिपोर्ट एक्सेस और हेल्थ गाइडेंस, घर बैठे रियल एस्टेट प्रॉपर्टी का थ्री डी वर्चुअल टूर।

मीनाटीवर्स ब्लॉकचैन एक अत्याधुनिक लेयर वन ब्लॉकचैन है जिसे स्पीड, सिक्योरिटी और लो ट्रांजैक्शन फीस को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है। यह एक अत्यंत स्केलेबल और डेवलपर-फ्रेंडली इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करता है।

कंपनी के सीएमडी कपिल सिवाच ने जानकारी देते हुए बताया की आने वाले समय में ब्लॉकचैन टेक्नोलॉजी कई क्षेत्रों में क्रांति ला सकती है, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने की भाषणों में ब्लॉकचैन टेक्नोलॉजी की तारीफ कर चुके हैं हैं,ब्लॉकचैन टेक्नोलॉजी के जरिए खेती किसानी में रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सकेगी और बिचौलिए खत्म हो जाएंगे। सप्लाई चैन में किसी भी डिलीवरी माल ली मूवमेंट और ऑथेंटिसिटी आसानी से ट्रेक हो सकती है,सरकारी दस्तावेजों का सिक्योर डिजिटलीकरण और ट्रांसपेरेंसी, ई बैंकिंग और ई कॉमर्स में सिक्योर,तेज और फाइनेंसियल ट्रांजैक्शन्स कर सकेंगे।

कंपनी के सीटीओ कपिल पिलानी और मार्केटिंग हेड सचिन नागपाल ने बताया की (मीनाटीवर्स ब्लॉकचैन) का मकसद है एक ऐसा डीसेंट्रलाजेड फ्यूचर बनाना जहाँ हर चीज़ इंसानी भूलों और सेंट्रलाइजेड फेलियर से मुक्त हो।



**केन्द्रीय मंत्री व राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी से नई दिल्ली में रालोद के राजस्थान प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जोगिन्द्र सिंह अवाना ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा उन्हें राजस्थान प्रदेश की जिम्मेदारी देने पर आभार जताया। इस दौरान उनके साथ रालोद नेता मनोज चौधरी व अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे।**

## बदजुबान नेता

मंत्री और नेता 'बदजुबान' क्यों होने लगते हैं? वे आपत्तिजनक ही नहीं, अश्लील, शर्मनाक और मर्यादाहीन भाषा क्यों बोलने लगते हैं? उच्च न्यायालय को उसे 'गटर की भाषा' क्यों करार देना पड़ता है? वे निजी हमले भी करते हैं और देश की संप्रभुता, एकता, अखंडता के लिए खतरनाक बोली भी बोलते हैं। यह कानूनन मानहानि ही नहीं, देशद्रोह की परिधि में भी आना चाहिए। मप्र के जनजातीय कल्याण मंत्री और 8 बार के निर्वाचित विधायक विजय शाह तो आदतन और सिलसिलेवार 'गालीबाज' रहे हैं। न जाने क्यों भाजपा अभी तक उन्हें ढो रही है? सिर्फ चुनाव जीतना ही राजनीति नहीं होता। राजनीति के सामाजिक और वैचारिक मूल्य भी होने चाहिए। भाषा अभद्र नहीं होनी चाहिए। दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी के महासचिव एवं वरिष्ठ सांसद रामगोपाल यादव ने खुलासा किया है कि एयर मार्शल एवं वायुसेना ऑपरेशन के महानिदेशक एके भारती 'यादव' हैं और विंग कमांडर व्योमिका सिंह हरियाणा की 'जाटव' हैं। इन दोनों सैन्य अधिकारियों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की कार्रवाई को देश को ब्रीफ किया था। उनके साथ कर्नल सोफिया कुरैशी भी थीं, जिनके खिलाफ मप्र के मंत्री ने 'जहर उगला' था। उन्हें 'आतंकियों की बहन' तक करार दिया था। सवाल है कि इन दोनों नेताओं को बदजुबानी कर क्या हासिल हुआ? सेना और सैनिक का कोई जाति-धर्म नहीं होता। वे सिर्फ 'भारतीय' होते हैं। बेशक मप्र के मंत्री ने बाद में कई बार माफी भी मांग ली, लेकिन वह निर्लज्जता की हंसी भी हंसते रहे। यह हमारे लोकतंत्र के नेताओं-मंत्रियों का चरित्र है। मंत्री विजय शाह का दूसरों के प्रति बदजुबानी का पुराना इतिहास रहा है। उन्होंने 2013 में मप्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी तक को नहीं छोड़ा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर फब्तियां कसीं। चलो, इसे राजनीति के खाते में डाल देते हैं। किन्नर समुदाय का मजाक उड़ाया और अब आतंकवाद तथा मुस्लिम की आड़ में ऐसे अपशब्दों का प्रयोग किया है, जिन्हें हमारी नैतिकता लिखने से रोकती है। दरअसल यह अलगाववादी सियासत है। भाजपा में एक तबके की सोच यह है कि मुसलमानों को जितनी गालियां दोगे, हिंदुओं के उतने ही वोट मिलेंगे। यह गलतफहमी है। मप्र उच्च न्यायालय की जबलपुर बेंच ने कर्नल सोफिया के प्रति मंत्री की बदजुबानी का स्वत- संज्ञान लिया है। सहज सवाल किया गया कि मंत्री के संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति 'गटरनुमा भाषा' कैसे बोल सकता है? सर्वोच्च अदालत में प्रधान न्यायाधीश जस्टिस बी. आर. गवई ने इसी आधार पर मंत्री के वकील के जरिए मंत्री को फटकार लगाई और उच्च न्यायालय के प्राथमिकी दर्ज करने वाले आदेश को रद्द करने से इंकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 152, 196-1बी, 197-1सी के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। इंदौर पुलिस को देर रात प्राथमिकी दर्ज करनी पड़ी, क्योंकि उसे 'अवमानना' की धमकी दी गई थी, लेकिन पुलिस ने छल और मजाक किया। प्राथमिकी में मंत्री की बदजुबानी का कोई भी ब्यौरा नहीं था। बहरहाल अदालत ने हड ?ा कर प्राथमिकी ठीक कराई और आगे की जांच अदालत की निगरानी में करने का आदेश दिया। बहरहाल शुक्रवार, 16 मई को सर्वोच्च अदालत में सुनवाई थी। उस फैसले का विश्लेषण बाद में किया जा सकता है, लेकिन अहम सवाल यह है कि क्या भाजपा के राजनीतिक संस्कार यह भी हैं कि उसके नेता और मंत्री अपनी बदजुबान के जरिए देश की सेना और सैन्य अधिकारियों को अपमानित करते रहें? देश में ऐसे तत्त्व निरंकुश क्यों हैं कि कभी वे देश के विदेश सचिव विक्रम मिसरी और उनकी बेटी का सोशल मीडिया पर अपमान करते हैं। 'पहलगाम नरसंहार' में विधवा हुई हिमांशी नरवाल के लिए अलग-अलग विशेषण इस्तेमाल करते हैं। क्या वे ही 'राष्ट्रवादी' हैं? क्या मजहबी नफरत, मवाद, खुन्नस, विद्वेष उनके दिमाग में घुसा है। मप्र के मंत्री ने भी क्या सोचा होगा? रामगोपाल यादव ने सैन्य अधिकारियों की जातियों का जिक्र क्यों किया? ये तमाम तत्त्व ऐसे हैं कि जितना भी जहर उगल लें, लेकिन इनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं होती। मंत्री को शायद एहसास नहीं है कि यदि उन्हें तीन साल की सजा हो गई, तो उनकी विधायकी और मंत्री की कुर्सी भी साफ हो जाएगी।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि तुलसीदासजी कहते हैं- सुंदर वेष देखकर मूढ़ नहीं (मूढ़ तो मूढ़ ही हैं), चतुर मनुष्य भी धोखा खा जाते हैं। सुंदर मोर को देखो, उसका वचन तो अमृत के समान है और आहार साँप का है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**तातें गुपुत रहउँ जग माहीं। हरि तजि किमपि प्रयोजन नाहीं॥**
**प्रभु जानत सब बिनहिं जनाए। कहहु कवनि सिधि लोक रिझाएँ॥**

(कपट-तपस्वी ने कहा-) इसी से मैं जगत में छिपकर रहता हूँ। श्री हरि को छोड़कर किसी से कुछ भी प्रयोजन नहीं रखता। प्रभु तो बिना जनाए ही सब जानते हैं। फिर कहो संसार को रिझाने से क्या सिद्धि मिलेगी॥

**तुम्ह सुचि सुमति परम प्रिय मोरें। प्रीति प्रतीति मोहि पर तोरें॥**
**अब जौं तात दुरावउँ तोही। दारुन दोष घटइ अति मोही॥**

तुम पवित्र और सुंदर बुद्धि वाले हो, इससे मुझे बहुत ही प्यारे हो और तुम्हारी भी मुझ पर प्रीति और विश्वास है। हे तात! अब यदि मैं तुमसे कुछ छिपाता हूँ, तो मुझे बहुत ही भयानक दोष लगेगा॥

**जिमि जिमि तापसु कथइ उदासा। तिमि तिमि नृपहि उपज बिस्वासा॥**
**देखा स्वबस कर्म मन बानी। तब बोला तापस बगध्यानी॥**

ज्यों-ज्यों वह तपस्वी उदासीनता की बातें कहता था, त्यों ही त्यों राजा को विश्वास उत्पन्न होता जाता था। जब उस बगुले की तरह ध्यान लगाने वाले (कपटी) मुनि ने राजा को कर्म, मन और वचन से अपने वश में जाना, तब वह बोला- ॥ (क्रमश:...)

# भारत की वॉटर स्ट्राइक से बिलबिलाने लगा पाकिस्तान

बीते 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा पोषित और प्रेषित आतंकियों ने निर्दोष नागरिकों का धर्म पूछकर नृशंस हत्या की। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने जहां पाकिस्तान को सैन्य मोर्चे पर तबाह कर दिया वहीं, उससे पहले सिंधु जल समझौते को स्थगित करने के फैसले से पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसा दिया है। भारत ने सिंधु जल संधि को ऐसे समय में निलंबित किया है जब पाकिस्तान पहले से ही जल संकट का सामना कर रहा है। पाकिस्तान के सिंध और पंजाब प्रांत में छह नई नहरें बनाने की योजना भी विवादों में फंसी है।

इतिहास के आलोक में अगर बात की जाए तो सिंधु जल समझौते के अंतर्गत भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु घाटी को 6 नदियों में विभाजित करने को लेकर नौ साल तक वार्ता चली और भारत के प्रथम प्रधानमंत्री रहे जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति अयूब खान के मध्य 19 सितंबर 1960 में सिंधु जल संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता से कराची में समझौता हुआ।

इस संधि के तहत सिंधु बेसिन की तीन पूर्वी नदियों रावी, ब्यास और सतलुज का पानी भारत को आवंटित किया गया। वहीं तीन पश्चिमी नदियों सिंधु, झेलम और चिनाब के जल का 80 फीसदी हिस्सा पाकिस्तान को आवंटित किया गया। समझौते में जिस तरह से जल का बंटवारा किया गया उससे तत्कालीन भारत के प्रधानमंत्री और सरकार की रीति—नीति का समझा जा सकता है। पीएम नेहरू ने देशहित की बजाय पाकिस्तान के हितों का अधिक ध्यान रखा। यह संधि पाकिस्तान में कृषि और हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के लिए बहुत अहम है और पाकिस्तान में 80 प्रतिशत सिंचाई के पानी की आपूर्ति इन्हीं नदियों के पानी से होती है। कई शहरों के लिए पेयजल की आपूर्ति भी इस नदी से की जाती है।

भारत और पाकिस्तान के बीच 65 साल पहले हुई इस जल संधि के तहत दोनों देशों के बीच नदियों के जल प्रबंधन को लेकर समझौता हुआ था। नदियों को बांटने का ये समझौता कई युद्धों, मतभेदों और झगड़ों के बावजूद 65 वर्षों से अपने स्थान पर यथावत रहा। लेकिन जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में 26 लोगों के मारे जाने के बाद भारत ने जिन कड़े कदमों की घोषणा की उनमें यह सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। भारत द्वारा संधि को निलंबित करना इसकी स्थापना के बाद से पहली बार है, जो सीमा पार आतंकवाद से जुड़ी जल कूटनीति में बदलाव का संकेत है। यह भारत के दृष्टिकोण में बदलाव को दर्शाता है।



**भारत और पाकिस्तान के बीच 65 साल पहले हुई इस जल संधि के तहत दोनों देशों के बीच नदियों के जल प्रबंधन को लेकर समझौता हुआ था। नदियों को बांटने का ये समझौता कई युद्धों, मतभेदों और झगड़ों के बावजूद 65 वर्षों से अपने स्थान पर यथावत रहा।**

2016 में उरी में भारतीय सेना के एक शिविर पर हमले के बाद डेढ़ सप्ताह बाद हुई एक समीक्षा बैठक में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था, 'खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते हैं।' प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान का इशारा सिंधु जल समझौते की ही ओर था। 2019 में पुलवामा में सुरक्षाबलों पर हमले के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बयान देते हुए कहा था, 'सरकार ने पाकिस्तान को पानी के वितरण को रोकने का फैसला किया है।' अगस्त 2019 में भारत के तत्कालीन जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा था, 'सिंधु जल संधि का उल्लंघन किए बिना पाकिस्तान को जाने वाले पानी को रोकने के लिए काम शुरू हो गया है।

भारतीय सेना से करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान अब पानी को लेकर भारत के सामने गिड़गिड़ाने लगा है। पाकिस्तान की सरकार ने 14 मई को भारत के जल शक्ति मंत्रालय को चिट्ठी लिखकर सिंधु जल समझौते को स्थगित करने को लेकर दोबारा विचार करने की अपील की है। वहीं, एक महत्वपूर्ण बात और भी है कि पाकिस्तान की ये अपील तब की गई जब भारत चिनाब नदी पर बगलिहार और सलाल जलविद्युत परियोजनाओं में फ्लशिंग और डिसिल्टिंग का काम शुरू कर दिया है।

पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सय्यद अली मुर्तजा ने भारत को लिखी चिट्ठी में कहा, 'सिंधु जल समझौता स्थगित होने की वजह से पाकिस्तान में खरीफ की फसल के लिए पानी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है।' पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने 13 मई को कहा कि अगर भारत सिंधु जल संधि को फिर से शुरू नहीं करता है और हमारी तरफ आने वाले पानी को मोड़ने की कोशिश करता है तो दोनों देशों के बीच लागू हुआ संघर्ष विराम खतरे में पड़ सकता है।

सिंधु जल संधि पर चर्चा के लिए पाकिस्तान की ये पेशकश उसकी छटपटाहट को साफ दिखा रही है। यह पहली बार नहीं था जब भारत सरकार ने 1960 में दोनों देशों के बीच हुई इस संधि में बदलाव की मांग की थी। दो साल पहले भारत ने पाकिस्तान को इस संबंध में नोटिस भेजा था लेकिन इस नोटिस में सिर्फ %बदलावों% के बारे में बात की गई थी। हालांकि अगस्त 2024 में भेजे नोटिस में भारत ने बदलावों के साथ-साथ समझौते की 'समीक्षा' करने की भी बात की थी। इसमें %सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियों% का भी उल्लेख किया गया था। इसमें भी भारत की ओर से कहा गया था कि 'सीमा पार से आतंकवाद' इस समझौते के सुचारू रूप से संचालन में बाधा है। लेकिन पाकिस्तान ने इस पर कोई उत्तर नहीं दिया, अब जबकि भारत ने समझौते को स्थगित कर दिया है तो पाकिस्तान घुटनों पर आ गया है।


15 मई को एक कार्यक्रम में संवाददाताओं ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से जब सिंधु जल समझौते को लेकर प्रश्न किया, तो उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि यह समझौता अभी निरस्त ही रहेगा। भारत सरकार इस पर पुनर्विचार करने के लिए तैयार नहीं है और इस मामले में पाकिस्तान के साथ बातचीत नहीं होगी। विदेश मंत्री के ताजा बयान से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र के नाम संबोधन में स्पष्ट कर चुके हैं कि खून और पानी साथ नहीं बह सकते हैं।

सिंधु जल संधि के निलंबन से पाकिस्तान की जल सुरक्षा को खतरा है, क्योंकि इसकी 80 प्रतिशत कृषि भूमि इन नदियों पर निर्भर है। इस व्यवधान से खाद्य सुरक्षा, नगरीय जल आपूर्ति और विद्युत उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा साथ ही पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद में सिंधु नदी तंत्र के 25 प्रतिशत योगदान के कारण आर्थिक अस्थिरता भी उत्पन्न होगी। नदी प्रवाह डेटा को रोकने की भारत की क्षमता से पाकिस्तान की सुभेद्यता और बढ़ जाएगी तथा बाढ़ तत्परता और जल संसाधन प्रबंधन में बाधा उत्पन्न होगी। भावार्थ यह है कि आने वाले समय में पाकिस्तान में जल संकट से सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक समस्याएं बढ़ना तय है। पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांत में जल बंटवारे को लेकर पुराना विवाद है। वर्तमान जल संकट ये विवाद और गहराएगा।

भारत अब अपने हिस्से की तीनों नदियों रावी, ब्यास और सतलुज के जल को अपने लिए प्रयोग करने की योजना बना रहा है। इस पर तुरंत काम शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत के इन कदमों से पाकिस्तान को लंबे समय में नुकसान पहुंचना अवश्यम्भावी है। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट तौर पर कहा कि पाकिस्तान से बात होगीज् तो टेरेरिज्म पर होगीज् पाकिस्तान से बात होगी..तो पीओके पर होगी। अब पाकिस्तान को यह तय करना है कि वो आतंकवादियों का साथ देगा या फिर अपने प्यासे खेतों और नागरिकों की प्यास बुझाने के लिये शांति और शालीनता के मार्ग का चुनाव करेगा। - **डॉ. आशीष वशिष्ठ**

# रिश्वत लेकर सवाल पूछने का नेताओं काला इतिहास रहा है

देश के नेताओं ने आजादी के बाद से भ्रष्टाचार के इतने काले कारनामे किए हैं कि यदि कोई नेता ईमानदारी से अच्छा भी काम करे तब भी उस पर सहज भरोसा करना मुश्किल होता है। देश के लोगों की याद से नेताओ के काले कारनामे की छाप मिटे, इससे पहले ही कोई न कोई नया कांड ऐसा सामने आता है और पूरे तंत्र की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो जाते हैं। नया मामला राजस्थान का है। भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के एक विधायक जयकृष्ण पटेल को राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने विधानसभा में सवाल पूछने के बदले 20 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। राजस्थान की इस क्षेत्रीय पार्टी के दो विधायक और एक सांसद हैं। आदिवासियों के उत्थान के आहवान के साथ इस पार्टी का गठन किया गया। इस पार्टी ने 2023 के विधानसभा चुनाव मे कुल चार सीटें जीती, तीन सीटें राजस्थान मे और एक सीट मध्यप्रदेश मे जीती। बीएपी की टिकट पर डूंगरपुर बांसवाड़ा संसदीय सीट जीतने वाले राजकुमार रोत लोकसभा से सांसद बने। रिश्वत लेने के आरोपी बीएपी विधायक पटेल ने विधानसभा में बीते सत्र के दौरान 11 जुलाई 2024 को अवैध खनन, फार्म हाउस, वन्य जीव और नशा तस्करी को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कुछ सवाल किये गए थे। विधानसभा में इन्हीं खनन से जुड़े सवालों को हटवाने को लेकर रिश्वत का खेल शुरु हुआ। बीएपी विधायक ने इन सवालों को हटाने के लिए 10 करोड़ की डिमांड की थी। अंतत- 20 लाख में सौदा तय हुआ और विधायक पटेल को रंगे हाथों दबोच लिया गया। यह पहला मौका नहीं है जब किसी जनप्रतिनिधि ने सदन की पवित्रता को तार-तार किया है। इससे पहले भी मामले सामने आ चुके हैं, जब विधानसभा हो या लोकसभा में सवाल पूछने या नहीं पूछने के ऐवज में रिश्वत मांग कर समूचे लोकतंत्र को कलंकित करने का काम किया गया है।



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा का मामला अभी भी देश के लोगों की स्मृति से मिटा भी नहीं है। महुआ मोइत्रा ने रियल एस्टेट कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के व्यवसायिक हितों की रक्षा के लिए संसद में सवाल पूछे। आरोप था कि महुआ मोइत्रा ने हीरानंदानी के इशारे पर 61 सवालों में 50 में अंबानी और अडानी को टारगेट किया। दर्शन हीरानंदानी ने खुलासा किया कि महुआ मोइत्रा ने अपनी संसद लॉगिन और पासवर्ड उनके साथ साझा किया था। उन्होंने महुआ की ओर से सवाल पोस्ट किए थे। एथिक्स कमेटी ने 6-4 के बहुमत से महुआ मोइत्रा की संसद सदस्यता खत्म करने की सिफारिश कर दी। टीएमसी सांसद मोइत्रा से पहले भी जनप्रतिनिधियों के ऐसे कृत्यों से देश में राजनीतिक बवंडर उठ चुके हैं। वर्ष 2005 में ऐसे ही एक अन्य मामले में लोकसभा के 10 और राज्यसभा के एक सांसद की सदस्यता रद्द हुई थी। तब एक वेब पोर्टल ने स्टिंग ऑपरेशन किया था। स्टिंग में 11 सांसद सवाल के बदले में कैश का ऑफर स्वीकार करते दिखे थे। इनमें लोकसभा के 10 और राज्यसभा के 1 सदस्य को निष्कासित कर दिया गया था। तब केंद्र में डॉक्टर मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए-1 की सरकार थी। संसद की सदस्यता गंवाने वालों में 6 बीजेपी के थे, 3 बीएसपी के और 1-1 कांग्रेस के सांसद थे। स्टिंग में सबसे कम कैश 15000 रुपये की भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह लोढ़ा के सामने पेशकश की गई थी जबकि सबसे ज्यादा कैश 1,10,000 रुपये आरजेडी के सांसद मनोज कुमार को ऑफर की गई थी।

24 दिसंबर 2005 को संसद में वोटिंग के जरिए आरोपी सभी 11 सांसदों को निष्कासित कर दिया गया। लोकसभा में प्रणब मुखर्जी ने 10 के सांसदों के निष्कासन का प्रस्ताव रखा था जबकि राज्यसभा में तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह ने एक सांसद को निष्कासित करने का प्रस्ताव रखा था। वोटिंग के दौरान भाजपा वॉकआउट कर गई थी। पार्टी के वरिष्ठ नेता और तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष एलके आडवाणी ने कहा था कि सांसदों ने जो कुछ किया वह करप्शन कम, मूर्खता ज्यादा है। इसके लिए निष्कासन बहुत ही कठोर सजा होगी। जनवरी 2007 में सुप्रीम कोर्ट ने भी सांसदों के निष्कासन के फैसले को सही ठहराया था। उसी साल दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देश में दिल्ली पुलिस ने इस मामले में केस भी दर्ज किया था। न्यूज पोर्टल के दो पत्रकारों के खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल हुई। संसद राज्यसभा हो या लोकसभा, सदन में सत्र की कार्यवाही के दौरान असहज कर देने वाली घटनाओं का पुराना इतिहास रहा है। पहले भी ऐसी कई घटनाओं का गवाह बना है चाहे वो पैसे के लेन-देन को लेकर आरोप लगाने का मामला हो या फिर नोटों की गड्डियां लहराने का। ऐसे कई किस्से हैं जब सदन की गरिमा को तार-तार किया गया। 22 जुलाई, 2008 को मनमोहन सरकार के विश्वासमत हासिल किए जाने के दौरान लोकसभा में एक करोड़ रुपए के नोटों की गड्डियां लहरा कर सनसनी फैला दी गई थी।

**पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा का मामला अभी भी देश के लोगों की स्मृति से मिटा भी नहीं है। महुआ मोइत्रा ने रियल एस्टेट कारोबारी दर्शन हीरानंदानी के व्यवसायिक हितों की रक्षा के लिए संसद में सवाल पूछे।**

नोट लहराने वालों में भाजपा के तीन सांसदों अशोक अर्गल, महावीर भागौरा और फग्गन सिंह कुलस्ते शामिल थे। तीनों सांसदों ने आरोप लगाया था कि समाजवादी पार्टी के तत्कालीन महासचिव अमर सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल ने विश्वास मत में हिस्सा नहीं लेने के बदले रुपए देने की पेशकश की थी। जबकि इन दोनों ने इन आरोपों से इनकार किया था। इसी तरह राज्यसभा में 5 दिसंबर 2024 को कांग्रेस सांसद की बेंच से नोटों के बंडल मिलने का मामला सामने आया। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने इसे गंभीर मामला बताया। साथ ही इसकी जांच कराने की बात कही है। यह सीट तेलंगाना से सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की थी। देश के लोकतंत्र पर कालिख पोतने वाली ऐसी घटनाओं से जाहिर है कि कानून बना कर देश चलाने वाले जनप्रतिनिधियो पर आम लोगों का पूरा भरोसा नहीं है। इस भरोसे के दरकने के लिए नेता जिम्मेदार हैं। दरअसल नेता और जनप्रतिनिधी जब तक खुद को कानून से ऊपर समझते रहेंगे तब तक ऐसी शर्मनाक पुनरावृत्ति से देश शर्मसार होता रहेगा। - **योगेन्द्र योगी**

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## राशिफल

ज्येष्ठ माह कृष्ण पक्ष षष्ठी | (विक्रम संवत् 2082)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आय में वृद्धि होगी। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य में सुधार, प्रेम, संतान का साथ।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पिता का साथ मिलेगा। कोर्ट कचहरी में विजय होगी।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
भाग्यवश काम बनेंगे। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। कार्यों की विघ्न बाधा खत्म होगी। स्वास्थ्य थोड़ा ऊपर नीचे।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
थोड़ा ध्यान देकर के चलें। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। कोई रिस्क न लें। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आनंददायक दिन गुजारेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम संतान का साथ होगा। व्यापार अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। कार्यों में विघ्न बाधा रहेगी लेकिन विघ्न बाधा के साथ संपन्न भी हो जाएंगे।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
लिखने पढ़ने में समय व्यतीत करें। भावनाओं पर काबू रखें। प्रेम में तू तू मैं मैं से बचें। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
गृह कलह के संकेत हैं। भौतिक सुख सुविधा में वृद्धि होगी लेकिन थोड़ा तनाव के साथ।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
पराक्रम रंग लाएगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। व्यापारिक सुदृढ़ता बढ़ेगी। स्वास्थ्य ठीक है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
लिक्विड फंड में बढ़ोतरी होगी। अपनों का साथ होगा। निवेश वर्जित रहेगा। स्वास्थ्य ठीक-ठाक।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। जरूरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में उपलब्ध होंगी।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा। मन परेशान रहेगा। बच्चों से दूरी, प्रेम में दूरी। स्वास्थ्य मध्यम।

# पुलिस की बहादुरी पर नोएडा व्यापारी वेल्फेयर एसोसिएशन ने किया सम्मान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बीते दिनों नोएडा के सैक्टर-56 स्थित टी-प्वाइंट (मदर डेयरी, सैक्टर-11 के पास) पर बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में पुलिस ने साहसिक कार्रवाई करते हुए एक बदमाश गिरफ्तार किया। पकड़े गए बदमाश के पास से महिलाओं से लूटे गए गहनों और सामान की भारी मात्रा में बरामदगी हुई।



इस बहादुरी और तत्परता से की गई कार्रवाई की पूरे नोएडा जनपद, गौतम बुद्ध नगर में सराहना की जा रही है। इसी क्रम में नोएडा व्यापारी वेल्फेयर एसोसिएशन द्वारा सैक्टर-24 कोतवाली में SHO श्याम प्रकाश शुक्ला, चौकी इंचार्ज सैक्टर-11 राहुल कुमार, चौकी इंचार्ज सैक्टर-22 विकास राणा एवं उनकी पूरी टीम का फूल मालाओं और पुष्पगुच्छों से भव्य स्वागत कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित नोएडा व्यापार वेलफेयर एसोसिएशन के चेयरमैन ओमवीर अवाना ने कहा कि ऐसी कार्यवाहियां समाज में कानून और सुरक्षा के प्रति विश्वास को मज़बूत करती हैं।

नोएडा व्यापारी वेल्फेयर एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक चौधरी वेदपाल सिंह, ने पुलिस के इस कार्य की खुले दिल से सराहना की और कहा कि थोड़ी सी मुस्तैदी के साथ यदि पुलिस व्यापारीयों और आम नागरिकों की रक्षा करती रहे, तो हमारा समाज और भी ज्यादा सुरक्षित और संपन्न बन सकता है।

वहीं एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद भड़ाना, ने कहा कि पुलिस प्रशासन और व्यापारियों के बीच समन्वय हमारे शहर को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक अहम कदम है।

इस मौके पर चौधरी जोगिंदर फागना, महासचिव मुख्त्यार प्रजापति, उपाध्यक्ष विरेंद्र (लीलू), अरविंद चौहान, रमेश चौरसिया, जितेंद्र सेक्टर 20, रामा टेलर, एम. के. दत्ता, संजय गुप्ता, डॉ. विनोद, मनोज शर्मा, विपिन कुमार सहित कई अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया मातृ दिवस




**नोएडा ( चेतना मंच )।** डीएवी पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस के अवसर पर एक भावनात्मक और रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नर्सरी के बच्चों के अभिभावकों को आमंत्रित किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और गायत्री मंत्र से हुई। नन्हे छात्रों द्वारा सभी अभिभावकों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में 'माँ और नन्हें सितारों की रैम्प वॉक' हुई, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास और प्यार से भरपूर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रोटरी क्लब की श्रीमती रचना सिंह ने बच्चों के स्वस्थ एवं सफल जीवन के लिए सबका मार्गदर्शन किया। शिशुओं के पौष्टिक आहार व बच्चों द्वारा स्वास्थ्य के विषय में जागरूकता उत्पन्न की।

कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह आयोजन न सिर्फ माताओं के प्रति बच्चों के प्रेम और सम्मान को दर्शाता है, बल्कि माता-पिता और विद्यालय के बीच के रिश्ते को भी मजबूत करता है।

# नोएडा के उद्यमियों ने ली शपथ तुर्की के साथ नहीं करेंगे व्यापार




**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा एंटरप्रिनियोर्स एसोशिएसन की एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग हुई जिसमे उपस्थित सभी उद्यमियों ने पहलगाँव में घूमने गए निर्दोष शैलानियों की निर्मम हत्या पर सभी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की इसके उपरांत संस्था से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई ।




इस अवसर पर एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत सरकार की ओर से आतंक के खिलाफ आतंकियों की पनाहगाह पाकिस्तान पर की गई कार्यवाही की सराहना की एवं भारत सरकार को धन्यवाद दिया।

विपिन मल्हन ने ऑपरेशन सिंदूर के समय पाकिस्तान को समर्थन देने वाले देश टर्की एवं अजरबैजान के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। इस अवसर पर श्री मल्हन ने उपस्थित सभी उद्यमियों को शपथ ग्रहण कराई कि हम सभी भविष्य में टर्की एवं अजरबैजान से अपने व्यापारिक संबंध समाप्त करेंगे एवं इस देशों में पर्यटन को बढ़ावा नहीं देंगे और कभी इन देशों में घूमने नहीं जाएँगे साथ ही अपनी वसीयत में ये लिखेंगे कि अगर हमारी संतान इन देशों से कोई संबंध रखती है या घूमने जाती है तो उनको मिलने वाले सभी हक़ से वंचित माना जाए।

इस अवसर पर महासचिव वीके सेठ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मवीर शर्मा, हरीश जुनेजा, मुकेश कक्कड़, उपाध्यक्ष सुधीर श्रीवास्तव, मोहम्मद इरशाद, राजेंद्र जिंदल, कोषाध्यक्ष शरद जैन, संदीप बिरमानी, राजन खुराना, राहुल नैय्यर, आलोक गुप्ता, मयंक गुप्ता, अजय सरीन, मोहम्मद आज़ाद, नीरू शर्मा, योगेश आनंद, अजय अग्रवाल, टोनी सहित भारी संख्या उद्यमी उपस्थित रहे।

## इफको फूलपुर की चौपाल से उपजा नवाचार

# दो गाँव के किसान तैयार नैनो क्रांति के लिए



**प्रयागराज ( ब्यूरा )।** पिछले दिनों इफको फूलपुर इकाई द्वारा आयोजित किसान चौपाल का उत्साहजनक परिणाम सामने आने लगा है। इस चौपाल के प्रभावस्वरूप फूलपुर क्षेत्र के दो गाँव- परासीनपुर एवं सूदी का पूरा - के कुल 50 किसानों ने नवीनतम उर्वरक तकनीकों को अपनाने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाया है। इन किसानों ने नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी जैसे अत्याधुनिक उर्वरकों के साथ धान की खेती करने की प्रतिबद्धता जताई है। इस पहल को और अधिक सशक्त बनाने हेतु इफको के मोती लाल नेहरू किसान प्रशिक्षण केंद्र ,कॉर्डेट पहुँचे किसानों को एक दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग, फसल प्रबंधन एवं लाभकारी कृषि तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी गई। धान की खेती में किसानों को सबसे पहले नैनो डीएपी (5ml/kg)से बीज शोधित करने तथा रोपाई से पहले तैयार नर्सरी के जड़ डीएपी से शोधित (zml/per litre पानी के साथ )करने के तरीके बताए गए ।

इफको फूलपुर द्वारा यह प्रयास किसानों को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जिससे न केवल उत्पादकता में वृद्धि होगी बल्कि पर्यावरणीय संतुलन भी बना रहेगा।

इकाई प्रमुख संजय कुदेसिया ने बताया इफको फूलपुर भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को उन्नत खेती की दिशा में प्रेरित करता रहेगा।

इस अवसर पर कॉर्डेट प्रधानाचार्य-डॉ हरिश्चंद्र, संयुक्त महाप्रबंधक (नैनो) अरुण कुमार, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन स्वयम् प्रकाश,वरिष्ठ प्रबंधक (प्रशिक्षण) अनुराग तिवारी, श्राजेश सिंह मुकेश तिवारी उपस्थित रहे।

# पृष्ठ एक के शेष....

**पाकिस्तान चीन से....**

मजबूत हो रही है। भारत के लिए यह एक सामरिक चुनौती बन सकती है, विशेष रूप से जब दोनों देशों की वायु सेनाएं उच्च-तकनीकी जेट्स से लैस हो रही हैं।

यह कदम न सिर्फ पाकिस्तान की सुरक्षा नीति में बड़ा बदलाव दर्शाता है, बल्कि भारत के राफेल सौदे और उसके ऑपरेशनल उपयोग की रणनीतिक सफलता को भी उजागर करता है। हालांकि जे-35ए की क्षमताओं पर अभी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई सवाल उठते हैं, लेकिन अगर पाकिस्तान को यह विमान मिलते हैं, तो दक्षिण एशिया में वायु शक्ति संतुलन का समीकरण जरूर प्रभावित हो सकता है।

**तीन लाख का गांजा ...**

पुलिस को लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना से तस्करी के संबंध में जानकारी मिली थी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी विशाल पुत्र तेजपाल को धर दबोचा गया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 20 किलो 800 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 03 लाख रुपये बताई जा रही है। तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार को भी मौके से बरामद किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी विशाल अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उड़ीसा से गांजे की बड़ी खेप लाकर नोएडा समेत पूरे एनसीआर क्षेत्र में सप्लाई करता था। बरामद स्विफ्ट कार का इस्तेमाल विशेष रूप से गांजे की तस्करी के लिए किया जाता था। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है और विशाल के अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी भी जुटा रही है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान विशाल पुत्र तेजपाल के रूप में हुई है। वह मूल रूप से ग्राम शिवपुरी, थाना अफजलगढ़, बिजनौर का निवासी है और वर्तमान में ग्राम बहलोलपुर, थाना सेक्टर 63 नोएडा में रह रहा था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**आरडब्ल्यूए ने स्वच्छता कर्मियों....**

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री द्वारा इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ई-गार्बेज लोडर के उपयोग से कचरा प्रबंधन और अधिक प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल होगा। यह कदम नोएडा को स्वच्छता में उत्कृष्ट बनाने की दिशा में मजबूती प्रदान करेगा और सेक्टर स्तर पर कचरा संग्रहण को अधिक सुलभ बनाएगा।

इस दौरान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के के जैन,महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा, नोएडा प्राधिकरण के जनस्वास्थ्य विभाग के महाप्रबंधक एस पी सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक आर के शर्मा, गौरव बंसल, राजेश कुमार राय, कुलदीप मुंशी, एमसी भारद्वाज, देवेंद्र वत्स, बी के सिंहा, कर्नल डा डी महापात्रा, दीपाली पसारी, सुशांत कुमार, शेखर शर्मा, प्रदीप सिंह, अनिल शर्मा, कर्नल टी एन श्रीवास्तव, संजीव महतो, एचसीएल फाउंडेशन के अभिषेक सिन्हा एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**होटल में शराब और बीयर....**

आरोपी छात्र वीजा पर भारत आए थे और वीजा खत्म होने के बाद भी अवैध रूप से रह रहे थे। यह कार्रवाई यूपीएसआईडीसी साइट सी के पास बी-84 एबोड गेस्ट हाउस में की गई। यहां बिना अनुमति हरियाणा मार्का शराब के साथ अवैध पार्टी और रेस्टॉरेंट संचालन हो रहा था।

थाना सूरजपुर पुलिस, क्राइम डिटेक्शन टीम (सीडीटी) और आबकारी विभाग की टीम ने शनिवार को गेस्ट हाउस और रेस्टोरेंट में छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान वहां अफ्रीकी मूल के नागरिक पार्टी करते हुए पाए गए। छापेमारी देख मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। पार्टी में हरियाणा मार्का की अवैध शराब और बीयर परोसी जा रही थी। पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने मौके से भारी मात्रा में शराब के साथ 1 नाइजीरियन महिला समेत 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह पार्टी के लिए शराब और बीयर खरीद कर लाए थे। पुलिस ने इनके दस्तावेज के बारे में पता किया तो वे दोनों आरोपी अपना वीजा दिख नहीं पाए। पुलिस की जांच में पता चला है कि दोनों वीजा अवधि समाप्त होने के बाद अवैध तरीके से यहां छिपकर रह रहे थे। इस संबंध में एलआईयू की टीम ने इनके दस्तावेज के बारे में जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार की रात मुखबिर की सूचना पर आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-5 और थाना सूरजपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने यूपीएसआईडीसी के बी-84 एबोड गेस्ट हाउस में दबिश दी थी। दबिश के दौरान विदेशी मूल के अफ्रीकन नागरिकों को शराब पार्टी करते हुए मिले। टीम को देखकर अफ्रीकन मूल के लोग भागने लगे। मुखबिर की निशान देही पर रेस्टॉरेंट की संचालिका कसांद्रा निवासी नाइजीरिया और उसके सहयोगी विक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया। रेस्तरां की संचालिका के निशान देही पर अवैध परिवहन के लिए प्रयोग की जा रही टोयोटा कार भी जब्त किया।

जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि टीम ने मौके से हरियाणा मार्का अवैध शराब बरामद की गई है। इसमें 179 बोतल कोरोना एक्स्ट्रा बीयर (330 एमएल), 24 कैन किंगफिशर बीयर (500 एमएल), 50 कैन बडवाइजर मेगना बीयर (500 एमएल), 10 बोतल समर रेड वाइन, दो बोतल एब्सोल्यूट वोडका (750 एमएल), चार बोतल मार्टेल (700 एमएल), दो बोतल जॉनी वॉकर ब्लैक लेबल और चार बोतल जॉनी वॉकर रेड लेबल शामिल हैं। इन बोतलों पर फॉर सेल इन हरियाणा ओनली लिखा था। जो उत्तर प्रदेश में बिक्री को अवैध दर्शाता है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ थाना सूरजपुर में संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम एवं फारेनर्स एक्ट की सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया गया है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा जोन के शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि नाइजीरिया की एक महिला और पुरुष को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों के खिलाफ आबकारी व फारेनर्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**मंदिर, कब्रिस्तान की दीवार ......**

बता दें, एसडीएम प्रीति सिंह और सीडी की मौजूदगी में रात करीब 12 बजे ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सबसे पहले मुंशीगंज में सन शामिन पब्लिक स्कूल के पास स्थित सालों पुराने मजार को हटाया गया। दरगाह के देखभालकर्ता मुहम्मद हनीफ ने बताया कि वह कई सालों से यहां आ रहे हैं।

प्रशासनिक अमले के साथ मौके पर मौजूद रहे उपजिला अधिकारी ठाकुरद्वारा प्रीति सिंह और क्षेत्राधिकारी रुद्र कुमार सिंह ने एनएचएआई प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र चौहान की निगरानी में कार्रवाई का नेतृत्व किया। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दो जेसीबी मशीनों की मदद से मुंशीगंज, फौलादपुर, रघुनाथपुर और सुल्तानपुर दोस्त समेत कई स्थानों पर स्थित धार्मिक ढांचों को हटाया गया।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# कोर्ट की फटकार से किसानों को मिले भूखंड

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** क्या प्राधिकरणों ने कोर्ट की फटकार के बगैर सामान्य कामकाज भी करना बंद कर दिया है और फटकार लगने के बाद वर्षों से अटके मामले भी रातोंरात सुलझा दिए जाते हैं? हाल ही में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इटेहरा गांव में वर्षों से अपने आवासीय भूखण्ड के लिए भटक रहे दर्जन भर किसानों को कोर्ट द्वारा अवमानना याचिका पर संज्ञान लेते ही तत्काल भूखंड उपलब्ध करा दिए। इन मामलों पर विचार करते हुए कोर्ट ने टिप्पणी की थी कि ऐसे अनेक मामले उसके समक्ष आ रहे हैं और प्राधिकरण को बताना चाहिए कि इस प्रकार के कितने मामले लंबित हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने हाल ही में इटेहरा गांव के दर्जन भर किसानों को उनकी अधिग्रहित भूमि के बदले आबादी आवासीय भूखण्ड उपलब्ध करा दिए हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि इटेहरा गांव के सभी किसानों को भूखंड मिल गये हैं। अभी भी सैकड़ों किसान अपने भूखंडों के लिए प्राधिकरण में चक्कर लगा रहे हैं। जिन्हें भूखंड दिए गए हैं,उन्होंने पिछले वर्ष इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शरण ली थी। देवेन्द्र,सोनू, प्रेमवती, बिसंभर, कृष्णपाल आदि दर्जन भर किसानों की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए तब उच्च न्यायालय ने प्राधिकरण को एक निश्चित समय में याची किसानों को भूखंड उपलब्ध कराने का आदेश दिया था। इसके बावजूद भूखंड न मिलने पर इन किसानों ने उच्च न्यायालय के समक्ष अवमानना याचिकाएं दायर कीं।

इन याचिकाओं पर संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय ने प्राधिकरण को आदेश का पालन किए जाने का शपथपत्र दाखिल करने अथवा अवमानना का सामना करने का आदेश दिया। उच्च न्यायालय का यह आदेश काम का निकला और प्राधिकरण ने इन किसानों को तत्काल भूखंड उपलब्ध करा दिए। क्या प्राधिकरण पहले ऐसा नहीं कर सकता था? इस प्रश्न का उत्तर खोजने के लिए प्राधिकरण के अधिकारियों की कार्यशैली पर ध्यान देना उचित होगा। प्राधिकरण के भूलेख विभाग से लेकर परियोजना और नियोजन विभाग तक किसानों से संबंधित मामलों को दोयम दर्जे का समझता है। पिछले पंद्रह बीस वर्षों से आबादी, लीज बैक, लैंड शिफ्टिंग और आवासीय भूखंडों के नियोजन को लेकर हजारों किसान भटक रहे हैं। इन समस्याओं के समाधान के बहाने क्षेत्र में अनगिनत तथाकथित किसान नेता उर्फ दलालों का जन्म हुआ है। पिछले दिनों इन्हीं मुद्दों को लेकर महीनों तक आंदोलनों के चलते क्षेत्र अशांत रहा था। इसके बावजूद इन विभागों के रवैए में कोई बदलाव नहीं आया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी रवि कुमार एनजी तथा एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव आदि शीर्ष अधिकारियों द्वारा निजी तौर पर निगरानी के बावजूद अभी भी इन विभागों के अधिकारी कर्मचारी किसानों से संबंधित मामलों को निपटाने में हीलाहवाली करते रहते हैं। उनकी हीलाहवाली के परिणामस्वरूप शीर्ष अधिकारियों को न्यायालयों के समक्ष आये दिन शर्मशार होना पड़ता है। इटेहरा गांव का मामला इन विभागों के नकारा पन का जीता-जागता उदाहरण है।



# ऑपरेशन घोस्ट सिम में फर्जी सिम रैकेट का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

एजेंसी

**गुवाहाटी**। सेना की गजराज कोर मिलिट्री इंटेलिजेंस से मिली सूचना पर असम पुलिस की स्पेशल ब्रांच और स्पेशल टास्क फोर्स ने कार्रवाई करते हुए फर्जी सिम कार्ड रैकेट का पदार्फाश किया। इस आशय की जानकारी आज असम के पुलिस के महानिदेशक हरदीप सिंह ने शनिवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि रैकेट असम, राजस्थान और तेलंगाना में सक्रिय था। सूचना को कार्रवाई योग्य इनपुट में बदलने के बाद ऑपरेशन घोस्ट सिम की योजना बनाई गई। यह ऑपरेशन असम के धुबड़ी और मोरीगांव, तेलंगाना के संगारेड्डी और राजस्थान के भरतपुर एवं अलवर जिलों में 16 मई की दोपहर से शुरू किया गया। इससे पहले 14 मई को एसटीएफ थाना, असम में मामला दर्ज किया गया था। केस नंबर एसटीएफ पीएस 02/2025, धाराएं 61(2)/147/148/62 बीएनएस, धारा 18 यूएपीए एक्ट और धारा 66 आईटी एक्ट के तहत दर्ज किया गया।ऑपरेशन के तहत अलग-अलग स्थानों से 7 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में सद्दीक (47, बेला, थाना सिकरी, भरतपुर, राजस्थान), आरिफ खान (20, साहोरी का बार, अलवर, राजस्थान), साजिद (21, साहोरी का बार, थाना अकबरपुर, अलवर, राजस्थान) तथा अकीक (25, रोजकी, भरतपुर, राजस्थान) के साथ ही गुवाहाटी एयरपोर्ट से अरसद खान (34, पेंदका, थाना नगर, भरतपुर, राजस्थान), नई दिल्ली एयरपोर्ट से मोफिजुल इस्लाम (19, कथालडी पार्ट-क्क, थाना बिलासीपारा, धुबड़ी, असम), गोल्लापल्ली, संगारेड्डी, तेलंगाना से जकारिया अहमद (24, सगुनमारी पार्ट-क्ष, थाना बिलासीपारा, धुबड़ी, असम) को गिरफ्तार किया गया। धुबरी जिले से 14 अन्य व्यक्तियों को भी हिरासत में लिया गया है। पूछताछ के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



## माउंट एवरेस्ट की चोटी से उतर रहे भारतीय पर्वतारोही की मौत

एजेंसी

**नई दिल्ली**। भारतीय पर्वतारोही पश्चिम बंगाल के 45 वर्षीय सुब्रत घोष की मौत हिलेरी स्टेप के ठीक नीचे हुई, जो 8,84886 मीटर (29,032 फीट) ऊंची चोटी के पास एक खतरनाक हिस्सा माना जाता है घोष माउंटेनियरिंग एसोसिएशन ऑफ कृष्णानगर स्नोई एवरेस्ट एक्सपीडिशन 2025 का हिस्सा थे और शनिवार दोपहर देर को उन्होंने शिखर पर पहुंचने में सफलता पाई थी।अधिकारियों ने पुष्टि करते हुए बताया कि दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर हाल के दिनों में हुई यह दूसरी मौत है। जानकारी के मुताबिक, स्नोई होराइजन ट्रेक्स के प्रबंध निदेशक बोधराज भंडारी ने कहा, घोष दोपहर लगभग 2 बजे शिखर पर पहुंचे, लेकिन नीचे उतरते समय थकावट और ऊंचाई की बीमारी के लक्षण दिखने लगे उन्होंने अंत में नीचे उतरने से इनकार कर दिया उनके शेरपा गाइड, चंपल तामांग ने उन्हें नीचे उतरने के लिए मनाने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे तामांग अकेले ही गुरुवार देर रात कैंप में लौटे और शुक्रवार सुबह इस घटना की सूचना दी घोष का शव अब भी शिखर के पास है और उसे बेस कैंप तक लाने के प्रयास जारी हैं मृत्यु का सटीक कारण पोस्टमार्टम जांच के बाद पता चल सकेगा। घोष और सैंटियागो दोनों स्नोई होराइजन ट्रेक्स की तरफ आयोजित अंतरराष्ट्रीय अभियानों का हिस्सा थे इस सेशन में नेपाल के पर्यटन विभाग ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई के लिए 459 परमिट जारी किए हैं इनमें से 100 से अधिक पर्वतारोही और गाइड अब तक शिखर पर पहुंच चुके हैं केवल इस सप्ताह ही 50 से अधिक पर्वतारोही सफलता पूर्वक चोटी पर चढ़ाई कर चुके हैं



## खास खबर

### नाबालिग छात्रा ने फंदे से लटकर की खुदकुशी

**कोटा**। राजस्थान के कोटा में एक नाबालिग ने पंखे से लटकर खुदकुशी कर ली। 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा मां की कैंसर से हुई मौत के बाद पिछले 8 महीनों से तनाव में थी। घटना शहर के श्रीनाथपुरम इलाके की है। आरके पुरम थाना एएसआई ने बताया कि श्रीनाथपुरम इलाके में 16 साल की एक छात्रा ने शुक्रवार शाम अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। 8 महीने पहले इसकी मां की कैंसर से मौत हुई थी तभी से तनाव में रहती थी। परिजनों ने बताया कि पहले भी वह कई बार खुदकुशी जैसे कदम उठा चुकी है। एएसआई ने बताया कि घर पर पिता और तीन बहने थी जिनमें सबसे छोटी नाबालिग छात्रा थी। खुदकुशी के समय सभी घर पर थे लेकिन उसने अपने कमरे में सुसाइड कर लिया। बताया जा रहा है कि वह पढ़ने में तेज थी। शुक्रवार को 11वीं कक्षा का रिजल्ट आया जिसमें वह फर्स्ट डिवीजन पास हुई है।

### असमिया सिंगर गायत्री हजारिका का निधन

**मुंबई**। कैंसर जिसका नाम लेते ही रुह कांप जाती है। इसने बीमारी ने अब तक कितने ही फिल्म स्टार्स की जान ली है। अब इस बीमारी से 44 साल की जानी-मानी सिंगर जंग हार गई। ये सिंगर असमिया सिंगर गायत्री हजारिका है। उन्होंने 16 मई को गुवाहाटी के अस्पताल में आखिरी सांस ली। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोलन कैंसर से सिंगर जंग लड़ रही थी और उनका हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। गायत्री हजारिका ने शुक्रवार दोपहर 2:15 पर अंतिम सांस ली। गायत्री हजारिका के निधन की खबर से संगीत जगत में मातम छा गया और हर कोई सिंगर के निधन पर शोक जता रहा है। अस्पताल के प्रबंध डायरेक्टर ने सिंगर की मौत की पुष्टि की। बताया जा रहा है कि उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें तीन दिन पहले भर्ती कराया गया था। जहां उन्होंने शुक्रवार को अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि फेमस असमिया सिंगर गायत्री हजारिका के पार्थिव शरीर को शाम 6 से 8 बजे तक श्रद्धांजलि के लिए रखा गया।

### एचपीबीओएसई ने की 12वीं बोर्ड की रिजल्ट घोषित

**धर्मशाला**। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (एचपीबीओएसई) ने शनिवार 17 मई को दोपहर 12 बजे 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस बार परीक्षा में 93,494 छात्रों ने हिस्सा लिया। ऊना की महक ने प्रदेश में टॉप किया है। हिमाचल प्रदेश बोर्ड 12वीं के नतीजों के मुताबिक टॉप 3 रैंक पर 11 स्टूडेंट्स आए हैं। ऊना की महक ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। दूसरे स्थान पर चार छात्राएं आई हैं, जिनमें खुशी, जावी ठाकुर, अंकिता और कणिका शामिल हैं। इन्हें क्रमशः 483 और 482 अंक प्राप्त हुए हैं। इन सभी ने 96.6 प्रतिशत और 96.4 प्रतिशत अंक हासिल कर मेरिट में शीर्ष स्थान हासिल किया है। बोर्ड परीक्षा में तीसरे स्थान पर जिन छात्र-छात्राओं ने जगह बनाई है, उनमें पलक ठाकुर, नवनीत कौर, कनक शर्मा, कृष लाहौरिया, पायल शर्मा और रिया रंगरा का नाम शामिल हैं। इन्होंने 482 अंक (96.4प्रतिशत) हासिल किए हैं, अतः इन्हें संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

## इजरायल ने हूतियों पर की बमबारी, गाजा पर भी किया हमला

एजेंसी

**तेल अवीव**। इजरायली वायुसेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले हुदैदा और सलीफ बंदरगाहों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए इजरायल ने यह हमला ट्रंप के दौरे के बाद किया इजरायली सेना ने कहा कि ये बंदरगाह ईरान से हथियारों की तस्करी के लिए इस्तेमाल हो रहे थे हमलों में 15 लड़ाकू विमानों ने 35 बम का उपयोग कर बंदरगाहों को भारी नुकसान पहुंचाया सेना ने कहा कि ये बंदरगाह हूती आतंकियों की ओर से सैन्य गतिविधियों के लिए इस्तेमाल हो रहे थे, और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इजरायली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने हूती नेता अब्दुल-मलिक अल-हूती को चेतावनी दी कि यदि हमले जारी रहे तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।



वहीं इजरायली सेना ने गाजा पट्टी में ह्यगिदोन चैरियट्सह्ल नामक एक बड़े सैन्य अभियान की शुरूआत की है, जिसका मकसद हमास को खत्म करना और बंधकों को रिहा कराना है इजरायली सेना ने गाजा पर जोरदार हवाई और जमीनी हमले किए, जिसमें कई महत्वपूर्ण इलाकों पर कब्जा किया गया सेना ने कहा कि यह अभियान इजरायली नागरिकों की सुरक्षा और युद्ध के सभी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए जारी रहेगा इस हमले में दक्षिणी गाजा के खान यूनिस और उत्तरी गाजा के जबालिया जैसे इलाकों में भारी बमबारी हुई, जिसमें 100 से अधिक लोग मारे गए। यह अभियान तब शुरू हुआ, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में मिडिल ईस्ट का दौरा पूरा किया था, लेकिन गाजा में युद्धविराम को लेकर कोई समझौता नहीं हुआ ट्रंप ने गाजा को ह्यफ्रीडम जोनह्ल बनाने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास को खत्म करने और गाजा के अधिकांश लोगों को दक्षिणी हिस्से में बसाने पर जोर दिया नेतन्याहू ने कहा कि वे गाजा को हमास के नियंत्रण से मुक्त करके ही रहेंगे।

फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में इजरायली सैन्य कार्रवाइयों में अब तक 53,000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं यह युद्ध 7 अक्टूबर, 2023 को हमास के इजरायल पर हमले के बाद शुरू हुआ था, जिसमें 1,200 लोग मारे गए और 251 लोग बंधक बनाए गए थे यह हमला इजरायल के इतिहास में सबसे घातक आतंकी हमला माना जाता है।

### भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ाई

**किशनगंज**। भारत-पाक तनाव के बीच खुफिया विभाग की ओर से आतंकी घुसपैठ का अलर्ट जारी है। नेपाल के रास्ते बिहार में आतंकी घुसपैठ की कोशिश में हैं। इसकी सूचना मिलते ही भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ी दी गई है। खुफिया एजेंसियों के अनुसार, बांग्लादेश और पाकिस्तान से जुड़े 10 से ज्यादा आतंकी ठाकुरगंज के रास्ते बिहार में घुसने की फिराक में हैं। यह संदिग्ध आतंकी ग्रुप बांग्लादेश के जमात-उल-मुजाहिदीन, हरकत-उल जिहाद अल-इस्लामी और बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी जैसे कट्टरपंथी संगठनों से जुड़े हैं। इस अलर्ट के बाद बिहार के सीमावर्ती जिलों में चौकसी बढ़ा दी गई हैं। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने किशनगंज, सुपौल, अररिया और सीतामढ़ी में गश्त बढ़ा दी है।

## दिल्ली के 15 पार्षदों ने छोड़ा आम आदमी पार्टी का साथ, बनाई नई पार्टी

एजेंसी

**नई दिल्ली**। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हार के बाद काफी मुश्किलों से गुजर रही है। अब दिल्ली के मौजूदा 15 पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है और एक नई पार्टी का ऐलान कर दिया है। दिल्ली के आम आदमी पार्टी के मौजूदा पार्षदों ने इस बात की जानकारी दी कि नई पार्टी का गठन किया गया है। इस पार्टी का नाम इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी रखा गया है इसके अध्यक्ष मुकेश गोयल को बनाया है। बता दें कि मुकेश गोयल पहले कांग्रेस में भी रह चुके हैं बाद में आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए थे। आम आदमी पार्टी के नेता हेमचंद गोयल के नेतृत्व में ये थर्ड फ्रंट बनाया गया है। इस्तीफा देने वोले पार्षदों में हेमचंद गोयल, हिमानी जैन, रूनाक्षी शर्मा, ऊषा शर्मा, अशोक पांडेय, राखी यादव, साहिब कुमार, राजेश कुमार, मनीषा किराना, सुमन अनिल राणा, दिनेश भारद्वाज, मुकेश कुमार गोयल, देवेंद्र कुमार शामिल हैं।

बता दें कि दिल्ली में पहले सत्ता गंवाने के बाद आम आदमी पार्टी में लगातार फूट पड़ती जा रही है। दिल्ली विधानसभा के चुनाव में आम आदमी पार्टी के दिग्गज नेताओं को हार का सामना करना पड़ा था। आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जैसे नेता भी हार गए थे। तब पार्टी नेताओं में निराशा का भाव था, उसके बाद से ही आम आदमी पार्टी में लगातार फूट देखी जा रही है।

## सेंट लुइस में बवंडर और भीषण तूफान से पांच लोगों की मौत

एजेंसी

**वाशिंगटन** । अमेरिका के सेंट लुइस में बवंडर और भीषण तूफान के कारण करीब पांच लोगों की मौत हो गई तथा फंसे हुए या घायल लोगों का पता लगाने के लिए अभियान जारी है। तूफान के कारण इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, पेड़ एवं बिजली के तार और खंभे गिर गए। अधिकारियों ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। सेंट लुइस की मेयर कैरा स्पेंसर ने पांच लोगों की मौत होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि तूफान और बवंडर के कारण पांच हजार से अधिक मकान प्रभावित हुए तथा लगभग एक लाख लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ा। स्पेंसर ने कहा, यह वाकई विनाशकारी है। उन्होंने कहा कि शहर में आपात स्थिति घोषित करने की प्रक्रिया जारी है और जिन इलाकों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है वहां रातभर का कर्फ्यू लागू है। घायलों की संख्या का तत्काल पता नहीं चल पाया है। अस्पताल की प्रवक्ता लॉरा हाई के अनुसार, अस्पताल में तूफान के कारण घायल हुए 20 से 30 लोगों को भर्ती कराया गया, जिसमें से कुछ की हालत गंभीर है, जबकि अधिकांश को रात तक छुट्टी मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि ह्यसेंट लुइस चिल्ड्रेंस हॉस्पिटल में 15 मरीज भर्ती हुए हैं।

### चेन्नई की छतों में सूरजमुखी की बागवानी

**चेन्नई** । तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई की शेफाली पेशे से सेफ हैं। उन्होंने अपने घर की छत पर सूरजमुखी का बगीचा बनाया हुआ है। उनके बगीचे को देखकर लोग बड़े खुश हुए और उनकी प्रशंसा की। इस प्रशंसा से उत्साहित होकर शैफाली ने पूरे शहर में सूरजमुखी के फूल की बागवानी का एक अभियान शुरू कर दिया। अभी तक वह 10000 से अधिक बीज के पैकेट फ्री में बंट चुकी हैं। कई स्कूल और संस्थाएं उनके इस अभियान में जुड़ गई हैं। छतों पर सूरजमुखी की बागवानी करने का चलन चेन्नई में बढ़ता चला जा रहा है। इसको देखने भर से लोगों का मन प्रसन्न होने लगता है।

## 43 रोहिंग्या शरणार्थियों को समुद्र में फेंके जाने की यूएन ने शुरू की जांच

एजेंसी

**नई दिल्ली**। संयुक्त राष्ट्र ने हाल ही में सामने आए उन आरोपों की जांच शुरू कर दी है, जिनमें दावा किया जा रहा है कि भारतीय नौसेना ने 43 रोहिंग्या शरणार्थियों को अंडमान सागर में जबरन समुद्र में फेंक दिया। इन शरणार्थियों को दिल्ली से हिरासत में लिया गया था और म्यांमार की समुद्री सीमा के पास अंतरराष्ट्रीय जल में छोड़ दिया था। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में दायर एक याचिका को खूबसूरती से गढ़ी गई कहानी बताते देते हुए सबूतों के अभाव में खारिज कर दिया। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय (ओएचसीएचआर) ने 15 मई को एक बयान जारी कर कहा था कि वह इन अस्वीकार्य और अमानवीय कृत्यों



की जांच के लिए विशेषज्ञ नियुक्त कर रहा है। म्यांमार में मानवाधिकार स्थिति पर यूएन के विशेष दूत ने कहा कि रोहिंग्या शरणार्थियों को नौसेना के जहाजों से समुद्र में फेंकने का विचार पूरी तरह से अपमानजनक है। उन्होंने भारत सरकार से इस घटना का पूरा ब्योरा देने और रोहिंग्या शरणार्थियों के साथ अमानवीय व्यवहार को रोकने की मांग की थी। विशेष दूत ने कहा कि म्यांमार में रोहिंग्याओं को हिंसा, उत्पीड़न और गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों का खतरा है, इसलिए उनकी जबरन वापसी अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांत नॉन-रिफाउलमेंट का उल्लंघन है। नॉन-रिफाउलमेंट अंतर्राष्ट्रीय कानून का एक सिद्धांत है जो किसी व्यक्ति को उस देश में वापस भेजने से रोकता है जहां उसे उत्पीड़न, यातना या अन्य गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन का खतरा है। यह सिद्धांत प्रवासन स्थिति की परवाह किए बिना लागू होता है, चाहे कोई व्यक्ति शरणार्थी, शरण चाहने वाला या अन्य प्रवासी हो। मीडिया रिपोर्ट में यूएन के मुताबिक बताया गया है कि 6 मई को दिल्ली पुलिस ने 40 से ज्यादा रोहिंग्या शरणार्थियों को बायोमेट्रिक डेटा कलेक्ट करने के बहाने हिरासत में लिया। इनमें बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और कैंसर और मधुमेह से पीड़ित लोग शामिल थे। इन्हें दिल्ली के पुलिस स्टेशनों में 24 घंटे से ज्यादा समय तक रखा, फिर इंदरलोक डिटेंशन सेंटर में शिफ्ट किया गया। इसके बाद उन्हें पोर्ट ब्लेयर ले जाया गया, जहां उनकी आंखों पर पट्टी बांधी और हाथ बांधकर नौसेना के जहाज पर ले जाया गया। जहाज ने अंडमान सागर पार करने के बाद शरणार्थियों को लाइफ जैकेट देकर समुद्र में फेंक दिया और उन्हें म्यांमार के एक द्वीप की ओर तैरने के लिए मजबूर कर दिया।

## अमेरिका ने ईरान के अवैध तेल पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी

**तेहरान**। अमेरिका ने ईरान के अवैध तेल व्यापार पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस प्रतिबंध के कारण करीब दो दर्जन कंपनियों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस निर्णय से तिलमिलाए चीन ने आलोचना शुरू की तो ट्रंप प्रशासन ने साफ कर दिया कि अस्थिरता रोकने के लिए ये प्रतिबंध बेहद जरुरी थे। अमेरिकी वित्त विभाग ने हाल ही में 20 से अधिक कंपनियों पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं, जिन पर आरोप है कि उन्होंने अरबों डॉलर की कीमत वाले ईरानी कच्चे तेल को चीन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई यह कार्रवाई ईरान के तेल निर्यात को रोकने और तेहरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है ट्रंप प्रशासन के अनुसार ईरान धन का इस्तेमाल क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कर रहा है। चीन ने इन अमेरिकी प्रतिबंधों की कड़ी आलोचना की है बीजिंग का कहना है कि वाशिंगटन ने अपने अधिकार क्षेत्र का अवैध रूप से विस्तार किया है, जो वैश्विक व्यापार के मानदंडों को कमजोर करता है चीनी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये प्रतिबंध न केवल ईरान और चीन के बीच वैध व्यापारिक संबंधों को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजारों में अनावश्यक अस्थिरता भी पैदा करते हैं हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि चीन के लिए इन प्रतिबंधों का जवाब देना आसान नहीं होगा, क्योंकि वह अपनी अर्थव्यवस्था के लिए अमेरिकी वित्तीय प्रणाली पर निर्भर है। ये प्रतिबंध उन समूहों को टार्गेट करते हैं जो ईरान के कथित अवैध तेल व्यापार में शामिल हैं, जिसमें हांगकांग के कई बैंक शामिल हैं, जिन्हें सेपहर एनर्जी की फ्रंट कंपनियों के रूप में आरोपित किया गया है सेपहर एनर्जी ईरान के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ का एक वाणिज्यिक सहयोगी है।



### सीलमपुर में किशोर की चाकू से गोदकर हत्या

**नई दिल्ली**। राजधानी दिल्ली के उत्तर-पूर्वी जिले के सीलमपुर इलाके में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। शुक्रवार रात एक 16 साल के किशोर की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। यह वारदात सीलमपुर के सेंट्रल पार्क में हुई, जहां लड़के का शव खून से लथपथ हालत में मिला। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी के मुताबिक, रात करीब 11:30 बजे गश्त के दौरान कांस्टेबल विपिन ने पार्क में घायल अवस्था में पड़े किशोर को देखा और तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल को जग प्रवेश अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कश्मीर पर सहमति बनेगी तो मिलकर खत्म करेंगे आतंकवाद : शहबाज

एजेंसी

**इस्लामाबाद**। ऑपरेशन सिंदूर के बाद घुटनों पर आया पाकिस्तान अब शांति और सौहार्द की बात कर रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि भारत के साथ बैठक होना चाहिए। उसमें कश्मीर सहित तमाम मसलों पर बात हो जाए। सहमति बनने के बाद दोनों देश मिलकर आतंकवाद के खिलाफ लड़ सकते हैं। बेचारे, शहबाज को शायद नहीं पता कि कश्मीर भारत का हिस्सा था, है और रहेगा। यदि बात करना ही है तो पीओके पर करें। रिपोर्ट के मुताबिक इस्लामाबाद में यौम-ए-ताश्कर में लोगों को संबोधित कर रहे शहबाज ने कहा कि भारत और पाकिस्तान अभी तक तीन पूर्ण युद्ध लड़ चुके हैं.. लेकिन दोनों ही देशों को इससे ज्यादा कुछ फायदा नहीं मिला है। शहबाज ने कहा, इससे एक सीख मिलती है कि आप एक शांतिप्रिय पड़ोसी की तरह बैठें और कश्मीर सहित सभी मुद्दों पर चर्चा शुरू करें। अगर दोनों देशों में शांति आती है, तो फिर हम साथ मिलकर आतंकवाद के खात्मे पर भी बात कर सकते हैं।



बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच में फिलहाल शांति है। दोनों ही तरफ से नेता बयानों के जरिए एक-दूसरे को चेतावनी दे रहे हैं। इसी कड़ी में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को कहा कि नई दिल्ली और इस्लामाबाद को शांति पूर्ण पड़ोसियों की तरह टेबल पर बैठना चाहिए और दशकों से जो मुद्दे लंबित हैं..कश्मीर सहित, उनको सुलझाना चाहिए। युद्ध और बदले की बात करने वाले पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है।

## इंसानों की क्रिएटिविटी छीन रहा एआई, शोध से हुआ खुलासा

एजेंसी

**वाशिंगटन**। हाल ही में किए गए एक शोध से खुलासा हुआ है कि लोगों की क्रिएटिव सोच पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई का विपरीत असर पड़ रहा है। शोध बताता है कि जब लोग एआई पर बहुत ज्यादा भरोसा करने लगते हैं, तो उनकी सोच, समस्या सुलझाने और विश्लेषण करने से हटकर एआई के उत्तर की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने तक ही सीमित हो जाती है। यह बदलाव व्यक्ति के निर्णय लेने और समालोचनात्मक सोचने की क्षमताओं को कमजोर कर सकता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ता है। इसके विपरीत रिपोर्ट में कहा गया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने हमारी



जिंदगी को कई मायनों में आसान बना दिया है। चेटजीपीटी और गूगल जेमिनी जैसे टूल्स ने न केवल कामकाज की रफ्तार बढ़ाई है बल्कि हर सेक्टर में एआई की मांग को भी आसमान पर पहुंचा दिया है। कोडिंग से लेकर इनोवेटिव लर्निंग तक, एआई आज हर जगह अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुका है, लेकिन जहां एक ओर यह तकनीक हमारे कार्यों को आसान बना रही है, तो वहीं दूसरी ओर यह इंसानों की रचनात्मकता और मानसिक क्षमता को नुकसान भी पहुंचा सकती है। माइक्रोसॉफ्ट और केनेर्जी मेल्लॉन यूनिवर्सिटी द्वारा किए गए एक हालिया शोध में यह सामने आया है कि जनरेटिव एआई का अत्याधिक उपयोग हमारी सोचने-समझने की क्षमता पर नकारात्मक असर डाल सकता है। इस अध्ययन के आधार पर चेतावनी दी गई है कि अगर हमने तकनीक का संतुलित उपयोग नहीं किया, तो यह हमारे दिमाग की वे क्षमताएं कमजोर कर सकती है जो अनुभव के साथ और अधिक तेज होती हैं। शोध के अनुसार, जब लोग एआई पर बहुत ज्यादा भरोसा करने लगते हैं, तो उनकी सोच समस्या सुलझाने और विश्लेषण करने से हटकर एआई के उत्तर की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने तक सीमित रह जाती है। यह बदलाव हमारे निर्णय लेने और समालोनात्मक सोचने की क्षमताओं को भी कमजोर कर सकता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ता है। अध्ययन में शामिल कुल लोगों में से 64फीसदी लोग एआई पर आंख मूंदकर भरोसा करते हैं।

इस अध्ययन में उन लोगों ने हिस्सा लिया, जो हर हफ्ते कम से कम एक बार जनरेटिव एआई का इस्तेमाल करते हैं। इनसे यह पूछा गया कि वे एआई का किस तरह से उपयोग करते हैं जैसे ईमेल लिखने, विषयों पर रिसर्च करने या डेटा चार्ट एडिट करने में। साथ ही यह भी जाना गया कि क्या वे इन कार्यों के दौरान स्वतंत्र रूप से सोचते हैं या पूरी तरह एआई पर निर्भर रहते हैं।

रिपोर्ट में सामने आया कि 36 फीसदी प्रतिभागियों ने यह स्वीकार किया कि वे अब भी एआई के साथ काम करते समय सावधानी बरतते हैं और संभावित जोखिमों का आकलन करते हैं, जबकि 64 फीसद लोग बिना किसी सवाल के एआई की बातों पर पूरी तरह भरोसा कर लेते हैं। ऐसे लोगों में सोचने की प्रवृत्ति कम हो रही है, जिससे उनकी बौद्धिक क्षमताएं धीमी पड़ रही हैं।

## मेलोनी के स्वागत में घुटनों के बल बैठे अल्बानियां के प्रधानमंत्री एदी रामा

एजेंसी

**तिराना** । यूरोपियन पॉलिटिकल कम्युनिटी समिट के दौरान अल्बानिया की राजधानी तिराना में एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जो कि सभी की नजरों में आया। जब इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी सम्मेलन में भाग लेने तिराना पहुंचीं, तभी अल्बानिया के प्रधानमंत्री एदी रामा ने उनका स्वागत कुछ बेहद असाधारण अंदाज में किया। मेलोनी जैसे ही रेड कार्पेट पर आगे बढ़ीं, रामा ने उनके सामने घुटनों पर झुककर हाथ जोड़कर अभिवादन किया। यह क्षण कैमरों में कैद हो गया और कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। इस अनोखे



स्वागत को लेकर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं की बाढ़ आ गई हैं। कुछ लोग महिला नेतृत्व के प्रति सम्मान बता रहे हैं, जबकि कुछ ने राजनीतिक ड्रामा करार दिया। मेलोनी और रामा के बीच लंबे समय से अच्छे राजनयिक रिश्ते हैं। दोनों देशों ने हाल ही में कई द्विपक्षीय समझौतों पर काम किया है, जिसमें प्रवास, व्यापार और सुरक्षा के मुद्दे शामिल हैं।

# जूलियन वेबर ने 91.06 मीटर भाला फेंककर जीता दोहा डायमंड लीग

▸ दूसरे स्थान पर रहे नीरज चोपड़ा



एजेंसी

**दोहा।** भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग 2025 में अपने करियर की पहली 90 मीटर से लंबी थ्रो की, लेकिन इसके बावजूद वह खिताब से चूक गए। जर्मनी के जूलियन वेबर ने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर का भाला फेंकते हुए प्रतियोगिता जीत ली। नीरज ने 90.23 मीटर का शानदार भाला फेंककर 2022 में स्टॉकहोम डायमंड लीग में बनाया गया अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड (89.94 मीटर) तोड़ दिया। यह पहला मौका था जब नीरज ने 90 मीटर पार किया। प्रतियोगिता के बाद नीरज ने कहा, ₹थोड़ा मिला-जुला अनुभव रहा। 90 मीटर पार करके खुशी है, लेकिन दूसरी बार फिर से दूसरे स्थान पर रहना थोड़ा खलता है। ऐसा पहले भी टर्कू और स्टॉकहोम में हो चुका है। लेकिन मैं जूलियन के लिए भी खुश हूं। हम दोनों ने पहली बार 90 मीटर पार किया। ये सीजन की पहली प्रतियोगिता थी, आगे और बेहतर करने का भरोसा है। नीरज ने अपनी पहली ही कोशिश में 88.44 मीटर फेंककर वर्ल्ड लीड हासिल कर ली थी। दूसरी कोशिश में उन्हें नो थ्रो मिला, जबकि आगे की कोशिशों में उन्होंने 80.56 मीटर और 88.20 मीटर की थ्रो की। ऐसा लग रहा था कि नीरज जीत की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन जूलियन वेबर ने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बाजी पलट दी। भारत के ही एक अन्य प्रतिभागी किशोर जेना ने निराशाजनक शुरूआत करते हुए पहली बार में केवल 68.07 मीटर भाला फेंका। बाद में वह इसे सुधारकर 78.60 मीटर तक ले जा सके, लेकिन वह शीर्ष रैंक में नहीं आ पाए। इस प्रतियोगिता ने नीरज चोपड़ा और जूलियन वेबर के बीच आने वाले सीजन के रोमांच को और भी बढ़ा दिया है।

## प्रज्ञानानंदा ने रोमांचक टाइब्रेक प्लेआफ मुकाबले में जीती चैंपियनशिप



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने अलीरजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के साथ रोमांचक टाइब्रेक प्लेआफ मुकाबला जीतकर सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूनार्मेंट अपने नाम कर लिया है। भारत के विश्व चैम्पियन डी गुकेश चार अंक लेकर नौवें स्थान पर रहे। अब अगला टूनार्मेंट सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज एक जुलाई से क्रोएशिया में खेला जाएगा। प्रज्ञानानंदा को पुरस्कार राशि के रूप में 77,667 डालर यानी करीब 66,48,345 रुपए मिले और उन्हें 10 ग्रैंड शतरंज टूर अंक दिए गए। चेन्नई के 19 साल के युवा खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। जीत के बाद प्रज्ञानानंदा ने एक्स पर लिखा- अविश्वसनीय अनुभव। अभी बुकारेस्ट में सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूनार्मेंट जीता। मेरी टीम और सहयोगियों को लगातार हौसला अफजाई के लिये धन्यवाद। प्रज्ञानानंदा, वाचियेर लाग्रेव और फिरोजा नौ दौर के बाद 5.5 अंक लेकर बराबरी पर थे जिससे विजेता का फैसला त्रिकोणीय टाइब्रेकर से हुआ। टाइब्रेकर में पहली दो बाजियां ड्रॉ रहने के बाद प्रज्ञानानंदा ने तीसरी बाजी और खिताब जीता। पिछले महीने वारसॉ में आयोजित सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज पोलैंड इवेंट में प्रज्ञानानंदा तीसरे स्थान पर रहे थे।

## करुण नायर को डियर क्रिकेट ने दिया फिर से एक और मौका



एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया ए स्क्वॉड की घोषणा की। टीम में करुण नायर का नाम देख हर कोई खुश था। दरअसल, करुण ने 2024-25 के घरेलू सीजन में रनों की बौछार कर दी थी। जिसका इनाम उन्हें इंडिया ए के स्क्वॉड में चयन के रूप में मिला है। बता दें, इंडिया ए इंग्लैंड में तीन चार दिवसीय मैच खेलेगी, इसमें से दो मैच 30 मई से 2 जून तक कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ और 6 से 9 जून तक नॉर्थम्प्टन में खेलने है। इसके अलावा एक मैच टीम सीनियर टीम इंडिया के खिलाफ खेलेगी। करुण ने 2016-17 के बीच भारत के लिए 6 टेस्ट और 2 वनडे खेल चुके थे। इसके बाद वे अचानक टीम से बाहर हो गए और फिर चयनकताओं ने उनकी ओर मुड़कर नहीं देखा। नायर ने 2022 में पोस्ट किया था जिसने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी थी। उन्होंने लिखा था, डियर क्रिकेट, मुझे एक और मौका दोह्र अब दो-तीन साल की मेहनत के बाद उन्हें टीम में मौका मिला है, तब पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने भी उनके लिए कुछ ऐसा ही पोस्ट किया है, जो पलभर में वायरल हो गया। पठान ने लिखा, करुण का इंडिया ए में चयन इसका स्पष्ट संकेत है कि डियर क्रिकेट उन्हें फिर से टीम इंडिया के लिए खेलने का एक और मौका देगा। इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया ए का स्क्वॉड में अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल (वीसी) (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, इशान किशन (विकेटकीपर), मानव सुथार, तनुष कोटियन, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, खलील अहमद, रुतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे शुभमन गिल और साई सुदर्शन दूसरे मैच से पहले टीम में शामिल होने है।

## 20 जून से शुरू होगी भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज




एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज 20 जून से शुरू होने वाली है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के बगैर भारत यह सीरीज में उतरेगा। भारत का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाफ खराब रहा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम इंग्लैंड से बहुत पीछे है। भारत और इंग्लैंड की टीमें टेस्ट फॉर्मेट में अब तक 136 मुकाबले खेल चुकी हैं। इन 136 मैचों में भारत ने 35 जीते मैच हैं जबकि इंग्लैंड ने 51 मैचों में जीत हासिल की है, जबकि 50 मैच ड्रॉ पर खत्म हुए हैं। दोनों टीमों के बीच जीत हार का अंतर काफी ज्यादा है। ऐसे में टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ मजबूती से खेलना होगा। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान होना बाकी है। इससे पहले 2024 में इंग्लैंड पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने भारत आई थी, जिसमें भारत ने 4-1 से जीत दर्ज की थी। इस सीरीज में यशस्वी जायसवाल ने 712 रन बनाए और रविचंद्रन अश्विन ने 26 विकेट लिए थे। इंग्लैंड के जैक क्रॉली और टॉम हार्टले ने 407 रन और 22 विकेट लेकर अपनी टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन किया था। इस बार कौन बेहतर प्रदर्शन करेगा ये देखना दिलचस्प होगा। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट टीम का चयन पैनल 23 या 24 मई तक हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक शुभमन गिल को टीम इंडिया का कप्तान बनाया जा सकता है। गिल को अभी तक टेस्ट क्रिकेट में नेतृत्व की भूमिका नहीं दी गई है। वह लिमिटेड ओवरों के क्रिकेट में उप-कप्तान हैं और पिछले साल जिम्बाब्वे में पांच मैचों की टी20 सीरीज के दौरान उन्होंने भारत का नेतृत्व किया था।

## इंट्रा कॉलेज शतरंज चैंपियनशिप संपन्न



एजेंसी

**रांची।** तीन दिवसीय इंट्रा कॉलेज शतरंज चैंपियनशिप, इंस्टिट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, के सभागार में संपन्न हुआ। इस चैंपियनशिप में प्रथम स्थान सागर कृष्ण तुरी, द्वितीय स्थान सचिन वर्मा और तृतीय स्थान बीटू राज को मिला। मुख्य अतिथि डॉ. नितेश राज, कोऑर्डिनेटर आईएलएस, ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किये। इसके अलावा डॉ अजीत कुमार सिंह और प्रो. निशिकांत प्रसाद में सभी प्रतियोगियों को मेडल देकर हौसला बढ़ाया। स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ. मोहम्मद जाकिर, सचिन आनंद और आर्यन देव की देख रेख में चेस चैंपियनशिप संपन्न हुआ। इस सेरेमनी में सभी प्रतियोगी एवं इंस्टिट्यूट के छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

## इंडिया ए स्क्वॉड की कमान अभिमन्यु ईश्वरन को

**मुंबई।** इंडिया ए स्क्वॉड का इंग्लैंड दौरे के लिए शुक्रवार को ऐलान हुआ, इसमें कई प्रमुख खिलाड़ी शामिल हैं, जिसमें करुण नायर का नाम भी हैं, जिन्हें घरेलू क्रिकेट के शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। इस दौरे के हिस्से के रूप में, भारत ए 30 मई और 6 जून को कैंटरबरी और नॉर्थम्प्टन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेगा, और फिर 13 जून को बेकेनहम में भारतीय टीम के खिलाफ एक अंतर-दस्ता मैच के साथ दौरे का समापन करेगा। टीम की कप्तानी अभिमन्यु ईश्वरन को दी गई हैं, जो बंगाल के लिए घरेलू क्रिकेट में दिग्गज रहे हैं, जिसके नाम 101 प्रथम श्रेणी मैचों में 48.87 की औसत से 7,674 रन, 27 शतक और 29 अर्धशतक हैं। हालांकि, पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उनका प्रदर्शन खराब रहा था, जहां उन्होंने चार पारियों में केवल 36 रन बनाए थे।

## वानखेड़े स्टेडियम में बना रोहित के नाम का स्टैंड

▸ रोहित ने मिले सम्मान पर भावना व्यक्त कर इसे अवास्तविक अनुभव बताया




एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा के नाम से स्टैंड का उद्घाटन किया, जो भारत के वनडे कप्तान और मुंबई इंडियंस के दिग्गज खिलाड़ी को उनके क्रिकेट में योगदान के लिए सम्मानित करता है। डिवेचा पवेलियन लेवल 3 को अब रोहित शर्मा के नाम से जाना जाएगा, जिससे वह सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और विजय मर्चेंट जैसे क्रिकेट दिग्गजों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं, जिनके नाम पर इस स्टेडियम में स्टैंड हैं। रोहित के साथ-साथ पूर्व भारतीय कप्तान अजीत वाडेकर और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष शरद पवार के नाम पर भी इस स्टेडियम में स्टैंड हैं। एमसीए ने अपनी 86वीं वार्षिक आम बैठक में यह फैसला लिया था। पहले यह समारोह 13 मई को होना था लेकिन भारत-पाकिस्तान सीमा तनाव के चलते इसे स्थगित कर दिया गया था। सीजफायर लागू होने और आईपीएल आज यानी 17 मई को फिर से शुरू हो रहा है। स्टैंड की पहली झलक, जो स्टेडियम के पूर्वी हिस्से में की गई थी, औपचारिक अनावरण से पहले सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। रोहित जिन्होंने 7 मई 2025 को 67 टेस्ट मैचों में 4,301 रन बनाने के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया, रोहित ने इस सम्मान पर गहरी भावना व्यक्त की और इसे अवास्तविक अनुभव बताया। उन्होंने अपने बचपन के संघर्षों को याद किया, जब वह अंडर-16 क्रिकेटर के रूप में वानखेड़े में प्रवेश नहीं कर सके थे, जिससे एमसीए अधिकारियों और उनके परिवार की उपस्थिति में यह श्रद्धांजलि और भी मार्मिक बन गई। रोहित का वानखेड़े से गहरा नाता है। उन्होंने इस मैदान पर 11 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 402 रन बनाए हैं और टी20 में 2,543 रन बनाए, जिनमें से ज्यादातर मुंबई इंडियंस के लिए हैं, जहां उन्होंने फ्रेंचाइजी को 5 आईपीएल खिताब जितवाए। टी20 विश्व कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में उनकी कप्तानी में मिली जीत ने उनकी विरासत को और मजबूत किया है, जिसके चलते एमसीए ने उन्हें उनके घरेलू मैदान पर अमर कर दिया। प्रशंसक 21 मई 2025 को वानखेड़े में मुंबई इंडियंस के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान रोहित शर्मा स्टैंड से उनके लिए उत्साहवर्धन करने की उम्मीद कर रहे हैं।

## फ्रेंच ओपन में नडाल का सम्मान होगा : मौरेस्मो



एजेंसी

**पेरिस।** स्पेन के टेनिस स्टार रफेल नडाल को फ्रेंच ओपन टेनिस के पहले दिन 25 मई ो कोर्ट फिलिप चैट्रियर में सम्मानित किया जाएगा। नडाल बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन फ्रेंच हैं। 14 बार के विजेता नडाल ने पिछले साल नवंबर में खेल को अलविदा कह दिया था। फ्रेंच ओपन की निदेशक एमिली मौरेस्मो ने कहा कि नडाल ने कई प्रकार से फ्रेंच ओपन को प्रभावित किया है। इसलिए उनके सम्मान में एक समारोह आयोजित किया जाएगा। नडाल वह टूनार्मेंट संग्रहालय में एक प्रदर्शनी में भी शामिल होंगे और आधिकारिक फ्रेंच ओपन ट्रेलर में अपनी आवाज देंगे। नडाल फ्रेंच ओपन में अंतिम बार 2024 में खेले थे पर इसमें वह पहले दौर में ही एलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार गए थे। उनके नाम चारों ग्रैंड स्लैम खिताब हैं। नडाल ने पुरुष टेनिस में सबसे अधिक 22 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। इसमें 14 फ्रेंच ओपन दो ऑस्ट्रेलियाई ओपन और दो विम्बलन खिताब के अलावा 4 अमेरिकी ओपन खिताब हैं। इसके अलावा उन्होंने 2008 बीजिंग ओलंपिक में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता था। इसके अलावा एटीपी टूनार्मेंट खिताबः 92 एकल खिताब, जिसमें 36 मास्टर्स 1000 खिताब और 23 एटीपी 500 खिताब शामिल हैं। डेविस कपः स्पेन के लिए 5 बार (2004, 2008, 2009, 2011, 2019) डेविस कप जीता। वह 209 हफ्तों तक एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 रहे, पहली बार 2008 में शीर्ष स्थान हासिल किया।

## मेरा लक्ष्य अच्छी वापसी करना है : स्टोक्स



एजेंसी

**लंदन।** इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स कहा है कि वह अपनी हैमस्ट्रिंग चोट के बाद की रिहैबिलिटेशन (पुनर्वास) प्रक्रिया से गुजर रहे है और उनका लक्ष्य तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में धमामेदार वापसी करना है। स्टोक्स दिसंबर में हुए टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए टेस्ट में हैमस्ट्रिंग में लगी चोट के बाद बाहर हो गये थे। उसके बाद से ही वह खेल से दूर हैं। इसी कारण वह इंग्लैंड के भारत दौरे और चैंपियंस ट्रॉफी से भी बाहर रहे थे। स्टोक्स इसके बाद से ही फिटनेस हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। स्टोक्स ने कहा, मैं हमेशा कड़ी मेहनत करता हूं। जब मैं फिट नहीं होता हूं, तो मेरा प्रयास पहले से बेहतर फिटनेस हासिल करने का रहता है। मैंने अपने क्रिकेट से लेकर फिटनेस तक हर चीज पर बहुत मेहनत की है और मुझे पता है कि जब मैं इस बार मैदान पर वापसी करूंगा तो मेरी फिटनेस सबसे अच्छे स्तर की होगी। स्टोक्स पहले भी कई बार चोटिल होने के कारण खेल से दूर रहे हैं। पिछले साल अगस्त में द्यद हंड्रेडह्व टूनार्मेंट के दौरान चोट लगने के के कारण वह श्रीलंका के खिलाफ तीन और पाकिस्तान के खिलाफ लगातार चार टेस्ट मैचों से बाहर रहे थे। साल के अंत में वह न्यूजीलैंड दौरे के लिए फिट होने की कोशिश कर रहे थे पर उनकी चोट फिर से उभर आई। वहीं इस बार अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में खाली समय मिलने से उन्होंने अपने रिहैब को आराम से पूरा किया है। उन्होंने कहा, मैं अभी पूरी तरह ठीक नहीं हुआ हूं, लेकिन चार महीने की इस प्रक्रिया के आखिरी चरण में हूं और इस गर्मी में मैदान पर वापसी को लेकर काफी उत्साहित हूं। भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज से पहले इंग्लैंड 22 मई को जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेलेगा, जिससे खिलाड़ियों को कुछ मैच अभ्यास मिल सके।

## प्रथम राज्यस्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता का समापन

▸ भविष्य के रणनीतिकारों ने दिखाई प्रतिभा

▸ सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के चयनित प्रतिभागियों ने लिया भाग




**रांची।** झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा राज्य में पहली बार राज्यस्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों से चयनित 320 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पहली बार आयोजित हो रही राज्यस्तरीय कैरम प्रतियोगिता को लेकर छात्रों में गजब का उत्साह देखने को मिला। खेलगांव में आयोजित हुए इस राज्यस्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता में अंडर 17 और अंडर 19 आयु वर्गो के अंतर्गत एकल और युगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में सिमडेगा और दुमका के छात्रों का दबदबा रहा। अधिकांश प्रतियोगिताओ में इन जिलों से चयनित छात्रों ने कैरम में अपने रणनीतिक कौशल का लोहा मनवाया। अंडर 17 बालक वर्ग एकल प्रतियोगिता में गिरिडीह के अंकित मोदी को पहला स्थान, सिमडेगा के सूर्या साहू को दूसरा स्थान और पूर्वी सिंघभूम के विपुल महतो को तीसरा स्थान मिला है। अंडर 17 बालिका वर्ग एकल प्रतियोगिता में सिमडेगा की सुलेखा कुमारी को पहला स्थान, दुमका की अविशा को दूसरा स्थान और गुमला की सरस्वती कुमारी को तीसरा स्थान मिला है। अंडर 17 बालक वर्ग युगल प्रतियोगिता में खूंटी के जतिन कुमार साहू और शिवम् स्वांसी ने पहला स्थान प्राप्त किया। देवघर के विद्याधर राणा और आयुष राणा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। दुमका के मनोज और रितेश कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 बालिका वर्ग युगल प्रतियोगिता में चतरा की शाहीन खातून और निरपा कुमारी को पहला स्थान, गोड्डा की मीना कुमारी और उषा कुमारी को दूसरा स्थान और गढ़वा की साक्षी शर्मा और शिखा कुमारी को तीसरा स्थान मिला है। अंडर 19 बालक वर्ग एकल प्रतियोगिता में रांची के जायेद अंसारी को पहला, पूर्वी सिंघभूम के प्रधान बागे को दूसरा और लातेहार के सागर कुमार को तीसरा स्थान मिला है। अंडर 19 बालिका वर्ग एकल प्रतियोगिता में सिमडेगा की खुशी कुमारी को पहला, जामताड़ा की आलिया फरहीन को दूसरा और कोडरमा की रुकसाना खातून को तीसरा स्थान मिला है। अंडर 19 बालक वर्ग युगल प्रतियोगिता में साहिबगंज के मो. शमी अख्तर और मो. दानिश को संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार मिला, दुमका के कृष कुमार और पंकज पाल को दूसरा स्थान मिला और सरायकेला के गौरव दास और सरूपा सोय को तीसरा स्थान मिला। अंडर 19 बालिका वर्ग युगल प्रतियोगिता में पलामू की अर्चना कुमारी और अंशु कुमारी को पहला, लातेहार की रानी कुमारी और पालक कुमारी को दूसरा, रांची की सीता कुमारी और रीता कुमारी को तीसरा स्थान मिला है। सभी विजेताओं को प्रतियोगिता के समापन के दौरान पुरस्कृत किया गया। राज्यस्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विभागीय मंत्री रामदास सोरेन, विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग समेत खेल कोषांग के अन्य पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।



इटैलियन ओपन टेनिस स्पर्धा में फोरो इटालिको, रोम, इटली में इटली के लोरेंजो मुसेट्टी के खिलाफ सेमीफाइनल मैच जीतने के बाद स्पेन के कार्लोस अल्काराज।

## खास खबर

### श्रेयस अय्यर का इंडिया ए टीम में नहीं हुआ चयन

**मुंबई।** इंग्लैंड दौरे के लिए इंडिया ए टीम की घोषणा हुई है। टीम की चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इसकी घोषणा की जिसमें कुछ नए नाम दिखाई दिए। गंभीर ने विश्वास जताया कि इंग्लैंड के कठिन दौरे के लिए कई खिलाड़ियों की परीक्षा भी होगी। इसी बीच टीम में श्रेयस अय्यर का नाम न होने से फैंस हैरान हैं। शानदार फॉर्म में चल रहे श्रेयस की टीम इंडिया में वापसी की उम्मीद थी लेकिन अभी यह संभव होती दिख नहीं रही है। जो टीम चुनी गई है जिसमें तीन खिलाड़ी हैं जिनकी औसत श्रेयस से बेहतर नहीं है लेकिन बावजूद श्रेयस को टीम में चुना नहीं गया।

### ईसीबी ने साउदी को बनाया टीम का सलाहकार

**लंदन।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने भारतीय टीम के खिलाफ अगले माह जून में होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज को देखते हुए न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउदी को अपनी टीम के साथ सलाहकार के तौर पर जोड़ा है। भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे की शुरूआत 20 जून से लीड्स में होगी। इस दौरे के लिए साउदी पहले टेस्ट से पहले इंग्लैंड टीम से जुड़ जायंगे। ईसीबी का मानना है कि साउदी के जुड़नें से टीम को उनके लंबे अनुभव का लाभ मिलेगा। साउदी ने अपने करियर में 107 टेस्ट मैच में 391 विकेट लिए हैं। ईसीबी ने कहा कि दुनिया भर में अलग-अलग हालातों में खेलने का अनुभव साउदी के पास है। जिससे वह खिलाड़ियों को जरुरी जानकारी दे सकेंगे। सलाहकार की भूमिका के बाद वह बर्मिंघम फीनिक्स के लिए द हंड्रेड में खेलेंगे। भारत के साथ होने वाली इस सीरीज से नये विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरूआत होगी। ऐसे में ईसीबी इस सीरीज को लेकर कोई कमी नहीं रखना चाहती है।

### रोस्टन चेज बने वेस्टइंडीज के नए कप्तान

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज ने रोस्टन चेज को नया टेस्ट कप्तान बनाया है। बारबाडोस में जन्मे चेज दाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ के ऑफ-ब्रेक गेंदबाज हैं। 6 फीट 5 इंच लंबे चेज मैदान पर अपने शांत स्वभाव के लिए जाने जाते हैं और खेल के सभी फॉर्मेट में वेस्टइंडीज के लिए प्रमुख खिलाड़ी हैं। क्रैग ब्रैथवेट ने इस साल के शुरू में मार्च में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। अब उनकी जगह चेज लेंगे। साल 2016 में चेज ने टेस्ट मैच से डेब्यू किया था। उन्होंने 21 जुलाई 2016 में भारत के खिलाफ पहला मैच खेला था। दूसरे ही टेस्ट मैच में उन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ शतक ठोक था। इसके अलावा उन्होंने पांच विकेट लेने की उपलब्धि हासिल की थी। ऐसा करने वाले वे वेस्टइंडीज के चौथे खिला बन गए थे। हालांकि, इसके बावजूद यह टेस्ट सीरीज भारत ने जीती थी। रोस्टन चेज ने वेस्टइंडीज के लिए अब तक 49 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 26.33 की औसत से 2265 रन बनाए हैं, जिसमें पांच शतक शामिल हैं। उन्होंने 85 विकेट भी लिए हैं। जनवरी 2019 में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट मैच में चेज ने चौथी पारी में 60 रन देकर 8 विकेट लिए थे जो एक शानदार प्रदर्शन था।

## झपकी से बढ़ती है याददाश्त



दिन में थोड़ी सी झपकी लेने से याददाश्त बढ़ती है। इस अध्ययन के लिए दो समूहों में लोगों को बांटकर कुछ को सार्थक और कुछ को निरर्थक शब्द याद करने के लिए कहा। इसके बाद एक समूह को कुछ देर झपकी लेने कहा जबकि दूसरे समूह को टीवी पर अपनी पसंद का कार्यक्रम देखने के लिए कहा। जिस वर्ग ने झपकी ली थी, वह कठिन शब्दों को याद रखने में कामयाब रहा, जबकि दूसरा वर्ग कम शब्दों को याद रख पाया।


## शराब छोड़ना चाहते हैं, तो धूम्रपान को कहें ना!

यदि आप शराब छोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, तो सिगरेट छोड़ने पर ध्यान दीजिए, यह आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होगा। धूम्रपान करने वालों द्वारा धूम्रपान न करने वालों की तुलना में शराब का सेवन दोबारा शुरू करने का जोखिम अधिक होता है। धूम्रपान छोड़ने वाले किसी भी व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार होता है। शराब की आदत से छुटकारा पाने वाले वयस्क व्यक्ति का सिगरेट की लत से छुटकारा पाना अधिक महत्वपूर्ण है।

## रीढ़ की हड्डी की चोट से मस्तिष्क को खतरा



रीढ़ की हड्डी में आई चोट प्रगतिशील मस्तिष्क को विकृत कर सकती है। यह बात एक नई रिसर्च में सामने आई है। एससीआई संज्ञानात्मक समस्याओं और अवसाद के साथ व्यापक और निरंतर मस्तिष्क में सूजन पैदा कर सकती है, जिससे तंत्रिका कोशिकाओं की प्रगति बाधित होती है। पृथक एससीआई से प्रमुख मस्तिष्क क्षेत्रों में मस्तिष्क कोशिकाओं की प्रगति में नुकसान हो सकता है।




# जन्मदोष बीमारी है स्पाइना बिफिडा



**स्पाइना** बिफिडा जन्मदोष है जो तंत्रीकीय नाल की विकृति है। इसमें रीढ़ की हड्डी या मेरु रज्जु में एक दरार युक्त घेरा बना होता है। स्पाइना बिफिडा भ्रूण न्यूरल ट्यूब के अधूरे समापन के कारण होता है। स्पाइना बिफिडा शब्द लैटिन शब्द स्पाइना से बना है जिसका मतलब स्पाइन या रीढ़ होता है। इसी तरह बिफिडा का मतलब दरार होता है। इस लेख में हम लोग स्पाइना बिफिडा के कारण, लक्षण और इसके उपचार के बारे में जानेंगे।

## क्या है स्पाइना बिफिडा?

गर्भाधारण के पहले महीने में भ्रूण प्राथमिक ऊतक में बदलना शुरू होता है जिसे न्यूरल ट्यूब कहते हैं। फिर इसमें नर्व, ऊतक और हड्डियां बनने लगती हैं जो नर्वस सिस्टम और स्पाइन में बदलती है। यहीं से स्पाइना बिफिडा की समस्या शुरू होती है अगर ट्यूब अधूरा बंद होता है जिससे स्पाइन में किसी तरह की दरार बन जाती है।

## स्पाइना बिफिडा से जुड़े तथ्य

- स्पाइना बिफिडा स्पाइनल कॉलम से जुड़ा जन्मदोष है। माइलोमेनिंगोसील एक गंभीर तरह का स्पाइना बिफिडा है।
- 1,000 में से एक बच्चा माइलोमेनिंगोसील स्पाइना बिफिडा के साथ पैदा होता है।
- स्पाइना बिफाडा में, स्पाइनल कॉलम संक्रमत होने के लिए काफी असंवेदनशील माना जाता है क्योंकि ये खुला होता है।
- मरीज बहुत ही ज्यादा सेरेब्रोस्पाइनल फ्लुइड पैदा करते हैं जिससे हाइसिफेलस बन जाता है।
- हाइसिफेलस से ये और भी अधिक खतरनाक हो जाता है।
- स्पाइना बिफिडा के सही कारण का अब तक पता नहीं चला है।
- डायबिटिज से पीड़ित महिलाओं को स्पाइना बिफिडा ग्रस्त बच्चे पैदा होने के ज्यादा चांस होते हैं।
- इसमें दरार वाली जगह के नीचे की पेशियां कमजोर हो जाती हैं या उसके नीचे के हिस्से में लकवा मार जाता है। कई मामलों में मल-मूत्र विसर्जन पर नियंत्रण नहीं रह जाता।

## तीन तरह का है स्पाइना बिफिडा

**स्पाइना बिफिडा ओक्युल्टा-** रीढ़ की हड्डियों को नुकसान पहुंचा बिना उसमें एक छेद होता है।

**मेनिंगोसील-** रीढ़ की हड्डी में एक छेद होता है जिससे मेरुरज्जु की सुरक्षा कवच में दबाव के कारण वो थैली के रूप में बाहर बनकर आ जाती है। इसे मेनिंगोसील कहते हैं। इसमें मेरुरज्जु सुरिक्षत रहती है और नर्वस सिस्टम को मामूली क्षति पहुंचाकर या बिना कोई क्षति पहुंचाए इसकी मरम्मत की जा सकती है।

**माइलोमेनिंगोसील-** यह गंभीर तरह का स्पाइना बिफिडा है। इसमें मेरुरज्जु का एक हिस्सा पीठ की तरफ़ से बाहर निकल कर आ जाता है। कुछ मामलों में ये स्पाइना बिफिडा पुटिका त्वचा से ढंकी रहती है, तो कुछ में ऊतक और तंत्रिकाएं अनावृत हो जाती हैं।

### लक्षण

- स्पाइना बिफिडा के लक्षण इसकी गंभीरता पर निर्बर करते हैं।
- स्पाइना बिफडा ओक्युल्टा में किसी भी तरह के लक्षण देखने को नहीं मिलते।
- कई मामलों में हल्का सा दोष मेरुरज्जु में देखने को मिलता है जैसे बालों का उगना, डिम्पल या उस स्थान पर हल्का सा फैट जमना।

### क्या हैं उपचार

- स्पाइना बिफिडा से पीड़ित बच्चा किसी भी परिवार में पैदा हो सकता है।
- गर्भावस्था में औरतों को चीजों का सेवन सोच-समझकर करना चाहिए। चीजें गर्भ को काफी प्रभावित करती हैं।
- गर्भावस्था के पहले और शुरुआती समय में फ़ॉलिक एसिड के सेवन करने से गर्भास्थ शिशु के स्पाइना बिफ़डि और दूसरे तंत्रिका नाल विकारों से ग्रस्त होने की संभावना कम होती है।

# आरिवर क्यों होता है हाथी पांव ?



**दुनिया** में अजीब-अजीब तरह की बीमारियां है जिसके बारे में सोच कर ही इंसान की रुहें कांप जाती हैं। ऐसे में सोचा जा सकता है कि जब ये किसी को हो तो उसकी क्या हालत होगी? इन्हीं अजीब बीमारियों की गिनती में सबसे पहले फाइलेरिया की गिनती होती है जिसे आम भाषा में हाथी का पांव भी कहा जाता है। दरअसल इसमें इंसान के शरीर का कोई भाग हाथी या हाथी के पांव की तरह मोटा होने लगता है। इस लेख में इस बीमारी के बारे में विस्तार से जानें।

## क्या है फाइलेरिया या हाथी पांव

फाइलेरिया या फाइलेरियासिस परजीवी के कारण होने वाला रोग है। ये परजीवी धागे के समान दिखता है जिसे फाइलेरिओडी (Filarioidea) कहते हैं। यह एक तरह का संक्रामक उष्णकटिबन्धीय रोग है मतलब ये गर्म प्रदेशों में अधिक होता है। इसलिए यह बीमारी पूर्वी भारत, मालाबार और महाराष्ट्र के पूर्वी इलाकों में बहुत अधिक फैली हुई है।

## क्यूलैक्स मच्छर इसका कारक

- सामान्य तौर पर क्यूलैक्स मच्छर को इस बीमारी का कारक माना जाता है।
- यह कृमिवाली बीमारी है जिसमें कृमि शरीर के लसिका तंत्र की नलियों में होते हैं और इन नलियों को बंद कर देते हैं।
- इसके संक्रमण से लसीका अपना कार्य करना बंद कर देते हैं।
- ये कृमि बहुत छोटे आकार के होते हैं जो क्यूलैक्स मच्छर के काटने से शरीर में प्रवेश करते हैं।
- यह व्यस्क कृमि में लाखों की संख्या में छोटी-छोटी कृमि पैदा करने की क्षमता होती है।
- बीमार इंसान से मच्छर खून चूसकर इस कृमि को दूसरे स्वस्थ मनुष्य तक पहुंचाते हैं।

## इस बीमारी होने का पूरा चक्र

क्यूलैक्स मच्छर मलखाने, नालियों और गड्ढों के गंदे पानी में पनपते हैं। इस मच्छर को इसके पीठ के कूबड़ और इसकी विशेष गूंज द्वारा इसे पहचाना जा सकता है। पानी में टेढ़े होकर इस मच्छर के लार्वे तैरते हैं। जब क्यूलैक्स मच्छर किसी इंसान को काटता है तो फाइलेरिया के छोटे कृमि उस इंसान के अंदर पहुँच जाते हैं। इंसान की लसिका तंत्र में ये छोटे कृमि कुछ ही दिनों में बड़े होकर पुरुष और मादा जीवों में बदल जाते हैं और लसिका नलियों को संक्रमित कर देते हैं जिससे लसिका तंत्र बंद हो जाता है। शरीर के अंदर एक वयस्क कृमि लसिका वाहिकाओं में समागम करके खूब सारे सूक्ष्म फाइलेरिया बनाता है। ये सूक्ष्म फाइलेरिया का जीवन 2 से 3 साल तक होता है और वयस्क कृमि लगभग बारह साल तक इंसान के शरीर में रहते हैं।

ये सूक्ष्म फाइलेरिया शरीर के अंदर खून में घूमते हैं। ये कृमि विशेष तौर पर रात में खून में घूमते हैं। क्यूलैक्स मच्छर जब अस्वस्थ इंसान का खून चूसता है तो वह उसके दूषित खून के द्वारा इन सूक्ष्म फाइलेरिया को अपने अंदर ले लेता है। ये सूक्ष्म फाइलेरिया 10 से 15 दिनों के अंदर संक्रमण पैदा करने वाले लार्वा के रुप में विकसित होते हैं। जिसके बाद ये मच्छर बीमारी पैदा कर पाने में समर्थ हो जाते हैं और दूसरे स्वस्थ वाला होता है। इस तरह यह चक्र चलता रहता है।

## फाइलेरिया के लिए घरेलू उपाय

फाइलेरिया के घरेलू उपचार के लिए काले अखरोट का तेल रामबाण है। फाइलेरिया ग्रस्त इंसान को गर्म पानी में काले अखरोट के तेल की तीन से चार बूंद डालकर पीना चाहिए। इस मिश्रण को दिन में सुबह-शाम दो बार पिएं। अखरोट के अंदर मौजूद गुण फाइलेरिया के कृमि को मारने में सक्षण हैं। जल्दी से जल्दी राहत पाने के लिए छह हफ्तों तक ये मिश्रण पिएं।



### लक्षण

फाइलेरिया रोग में इंसान के शरीर का कोई भाग बहुत अधिक फूलने लगता है। अकसर ये हाथ या पैरो में ही होता है लेकिन कई बार ये स्तनों और गुदा के हिस्से में भी होता है। इसके लक्षण निम्न हैं-

- शरीर के संक्रमित होने के कुछ सालों बाद इसके लक्षण दिखते हैं।
- इसमें गुप्तांग एवं जांघों के बीच गिल्टी हो जाती है जो बहुत अधिक फूल जाती है और इसमें काफी दर्द रहता है।
- एक या दोनों हाथ व पैरों में बहुत अधिक सूजन होना। लेकिन ये अधिकतर पैरों में ही होता है जिस कारण इसे हाथी पांव कहते है।
- गले में बहुत अधिक सूजन आ जाती है।
- पैरों व हाथों की लसिका वाहिकाएं लाल हो जाती हैं जिससे पैरों में लाल धारियां पड़ जाती है।
- पुरूषों के अंडकोष संक्रमित होकर फूल जाते हैं।
- शरीर में कंपकपी आना और बुखार होना।

### हाथी पांव का इलाज



- इस बीमारी का इलाज इसके प्रारंभिक चरण में ही शुरू कर देना चाहिए।
- फाइलेरिया फैले हुए क्षेत्र में जाने से बचें। अगर उस क्षेत्र में आप रहते हैं तो मच्छरों से दूर रहने के पूरे उपाय करें और शरीर को ढकने वाले पूरे कपड़े पहनें।
- अपने क्षेत्र में मच्छरों को मारने के लिए छिड़काव करें।
- क्यूलैक्स मच्छर सुबह और शाम को काटता है इसलिए सुबह और शाम को विशेष तौर पर मच्छरों से बचकर रहें।
- फाइलेरिया की गोली लें।

# पार्टी के बाद होने वाले हैंगओवर से बचने में मदद करेंगे ये कारगर नुस्खे



नए साल का जश्न हो और ड्रिंक की बात न हो तो पार्टी फीकी मानी जाती है। लेकिन पार्टी के चक्कर में लोग कई बार इतनी ज्यादा ड्रिंक कर लेते हैं, जिससे नए साल का बाकी बचा दिन ज्यादातर सोते और रोते बीतता है। तो इसे हैपनिंग बनाने के लिए जरूरी है नशे के खुमार को उतारना, जानेंगे कैसे।

### केला

बहुत ज्यादा हैंगओवर हो रखा है तो एक साथ दो से तीन केले खाएं। इसमें मौजूद मैग्नीशियम जहां ब्लड वेसेल्स को रिलैक्स करता है वहीं पोटैशियम इलेक्ट्रोलाइट को बैलेंस करता है। जो हैंगओवर से छुटकारा दिलाने में फायदेमंद होते हैं।

### आलू


हैंगओवर होने पर आलुओं को बिना छिले इस्तेमाल करें। पोटैशियम की मात्रा लिए हुए आलू हैंगओवर उतारने का कारगर फॉमूर्ला होता है। इसे हल्का फ्रॉय करके खाना टेस्टी होने के साथ ही हेल्दी भी होता है।

### दही

किसी भी ऐसे फूड जिसमें कैल्शियम की मात्रा अच्छी होती है वो सिर के दर्द को दूर करने में बहुत ही असरदार होता है। दही में बहुत सारा कैल्शियम होता है जिसे खाकर हैंगओवर से निपटा जा सकता है।

### ऑयली फूड्स

पार्टी के बाद होने वाले हैंगओवर से बचने के लिए पार्टी में जाने से पहले ऑयली फूड्स खाना फायदेमंद रहेगा। ऑयली



फूड खाने से बॉडी एल्कोहल को एब्जॉर्ब नहीं कर पाती।

### कॉफी

हैंगओवर के कारण हो रहे सिरदर्द को कॉफी पीकर काफी हद तक दूर किया जा सकता है। लेकिन दूध वाली कॉफी के बजाय ब्लैक कॉफी पिएं। इसमें मौजूद कैफीन जल्द असर करता है।

### नारियल पानी

हैंगओवर दूर करने के लिए नारियल पानी पीना फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद मिनरल्स पेट साफ करने का काम करते हैं। बहुत ज्यादा हैंगओवर होने पर जितनी बार हो सके इसे पिएं।

### पानी

पानी बॉडी के टॉक्सीफिकेशन के लिए सबसे जरूरी और आसानी से अवेलेबल होने वाली चीज है। ज्यादा एल्कोहल पीने से बॉडी में पानी की कमी हो जाती है। इससे बचने के लिए ड्रिंक के साथ भी और ड्रिंक के बाद भी ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पानी पिएं।

### नींबू,चीनी,नमक

चीनी और नमक का घोल हैंगओवर दूर करने का सबसे कारगर फॉमूर्ला माना गया है। एल्कोहल के कारण बॉडी में कम हुई पानी की मात्रा को इसे पीकर दूर किया जा सकता है।

### शहद

हैंगओवर दूर करने के लिए शहद पीना भी अच्छा ऑप्शन है। इसमें मौजूद फ्रक्टोज बॉडी के लिए अच्छा होता है। चाहे तो शहद को सीधे खा भी सकते हैं या पानी में मिलाकर पिया भी जा सकता है।

### फ्रूट जूस

घरेलू नुस्खे के तौर पर फ्रूट जूस पिएं क्योंकि ये विटामिन्स और फाइबर से भरपूर होते हैं। काले नमक और नींबू की थोड़ी ज्यादा मात्रा जूस में मिलाकर पिएं। काला नमक और फ्रूट में मौजूद फाइबर बॉडी के सारे टॉक्सिक को बाहर निकाल देता है जिससे हैंगओवर से राहत मिलती है।

### अदरक

अदरक के छोटे-छोटे टुकड़े कर इसे पानी के साथ उबालें। इसमें अजवायन और नींबू का रस डाल सकते हैं। थोड़ा उबालने के बाद इसे छानकर इसका पानी पीने से भी हैंगओवर दूर होता है।

## रेसिपी

### चाइनीज फ्राइड राइस



**सामग्री**

1 कप बासमती चावल, 1 कप बंद गोभी, 1/2 कप गाजर, 1/4 कप फ्रेंच बिन्स, 1/2 कप पनीर, 1/4 कप शिमला मिर्च, 2 टेबल स्पून हरा धनिया, 2 -4 टेबल स्पून तेल, 2 हरी मिर्च, नमक स्वादानुसार, 1 इंच अदरक, 1 छोटा चम्मच ग्रीन चिली सॉस, 2 छोटा चम्मच सोया सॉस, 2 छोटा चम्मच सिरका

**विधि**

सबसे पहले पैन में तेल डाल कर गरम लीजिए। तेल के हल्का गरम होने पर पनीर के टुकड़े पैन में सिकने के लिए डाल दीजिए और हल्के ब्राऊन होने तक सेक कर निकाल लीजिए। तेल में गाजर, बीन्स, शिमला मिर्च, पत्ता गोभी डालकर 1-2 मिनट तेज आंच पर फ्राई कर लीजिए। अब इसमें हरी मिर्च, अदरक, ग्रीन चिल्ली सॉस, सोया सॉस, सिरका, पनीर के टुकड़े डालकर अच्छी तरह मिला दीजिए। नमक और चावल डालकर सभी चीजों को 2 मिनट लगातार चलाते हुए अच्छे से मिलाते हुए पका लें। चावलों के सब्जियों में अच्छे से मिल हो जाने पर थोड़ा सा हरा धनिया डालकर मिलाए। चाईनीज फ्राइड राइस बनकर तैयार हैं। चाईनीज फ्राइड राइस को प्लेट में निकाल कर हर धनिये से गार्निश कीजिए और परोसिए।

### भाखरी पिज़्ज़ा



**सामग्री**

1/2 कप बाजरे का आटा, 1/2 कप ज्वार आटा, 2 स्पून तेल, नमक स्वादअनुसार, **पिज़्ज़ा सॉस**: 3/4 कप हल्के उबले टमाटर , 1 स्पून जैतून तेल, 1 स्पून लहसुन, 1/4 कप प्याज, 2 स्पून प्याज़ पत्ते, 1 स्पून शक्कर,1 स्पून टमॅटो कैचप, 1 स्पून ऑरेगानो, 1 स्पून लाल मिर्च के फ्लैक्स, नमक स्वादअनुसार, **अन्य सामग्री**: 1/2 कप कसा हुआ चीज

**विधि**

**आटे के लिए**: सभी सामग्री को एक बाउल मे मिलाकर, ज़रुरत हो उतने पानी का प्रयोग कर सख्त आटा गूंथ लें और 10 मिनट के लिए एक तरफ रख दें। **पिज़्ज़ा सॉस के लिए**: एक चौड़े नॉन-स्टिक पैन में जैतून का तेल गरम करें, लहसुन डालकर मध्यम आंच पर 30 सेकेन्ड तक भून लें। प्याज़ डालकर मध्यम आंच पर और 1-2 मिनट के लिए या उनके पार्दशी होने तक भून लें। हरी प्याज के पत्ते डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर और 30 सेकन्ड तक भून लें। हल्के उबले हुए टमाटर डालकर अच्छी तरह मिला लें और बीच-बीच मे हिलाते हुए, मध्यम आंच पर 2 से 3 मिनट तक पका लें। शक्कर और टमॅटो कैचप डालकर अच्छी तरह मिला लें और बीच-बीच मे हिलाते हुए, मध्यम आंच पर और 1 से 2 मिनट तक पका लें। ऑरेगानो, चिली फ्लैक्स् और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें और बीच-बीच मे हिलाते हुए, मध्यम आंच पर और 1 मिनट तक पका लें। आंच से हटाकर एक तरफ रख दें। **आगे बढ़ने की विधी**: आटे को 6 भाग में बांट लें और प्रत्येक भाग को अपनी हथेली के बीच दबाते हुए, गोल आकार में फैला लें एक नॉन-स्टिक तवा गरम करें और प्रत्येक भाखरी के दोनो तरफ गुलाबी दाग पड़ने तक पका लें। सूती कपड़े का प्रयोग कर, भाखरी को धीमी आंच पर दबाते हुए, उनके दोनो तरफ से करारा और सुनहरा होने तक पकाते रहें। तवे पर रखकर ही, उपर 2 टेबल-स्पून पिज्जा सॉस डालकर 1 टेबल-स्पून चीज छिड़कें। ढककन से ढककर 2 मिनट तक पका ले। तुरंत परोसें।

# काजल अग्रवाल बनेंगी मंदोदरी

नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही पौराणिक फिल्म रामायण की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म में बॉलीवुड से लेकर साउथ सिनेमा के कई बड़े स्टार नजर आने वाले हैं। अब इस फिल्म में एक और अभिनेत्री की एंट्री हो गई है। यह अभिनेत्री साउथ सिनेमा की उम्दा अदाकारा हैं जो बॉलीवुड में भी काम कर चुकी हैं। वह सिनेमा की एंटीसिपेटेड फिल्म रामायण में मंदोदरी का किरदार निभाएंगी जो रावण की पत्नी हैं। वह इसी साल एक बॉलीवुड सुपरस्टार की फिल्म में भी नजर आई थीं। अगर आपने अभी भी अनुमान नहीं लगाया है तो हम आपको बता दें कि यह अभिनेत्री कोई और नहीं बल्कि काजल अग्रवाल हैं। सिकंदर मे नजर आईं काजल को नितेश तिवारी ने रामायण में मंदोदरी के लिए कास्ट किया है। उनका लुक टेस्ट भी हो गया है। काजल अग्रवाल ने पिछले हफ्ते ही अपना लुक टेस्ट किया था और वह मंदोदरी के किरदार में एकदम फिट बैठ रही हैं। यही नहीं, उन्होंने तो हाल ही में शूटिंग भी शुरू कर दी है। निर्माता फिलहाल रावण की लंका वाले हिस्से की शूटिंग कर रहे हैं। आखिरी बार काजल को सलमान खान की फिल्म सिकंदर में देखा गया था। रामायण भारत की मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म है जिसे पैन-इंडिया लेवल पर बनाया जा रहा है। फिल्म का निर्देशन जहां नितेश तिवारी कर रहे हैं, वहीं निर्माण नमित मल्होत्रा कर रहे हैं। यश भी फिल्म के को-प्रोड्यूसर हैं। भगवान राम की भूमिका रणबीर कपूर , सीता का किरदार साई पल्लवी निभा रही हैं। वहीं, सनी देओल भगवान हनुमान और यश रावण के किरदार में दिखाई देंगे। रामायण दो हिस्सों में रिलीज होने वाली है। 2026 की दीवाली पर पहला पार्ट रिलीज किया जाएगा और 2027 की दीवाली पर दूसरा पार्ट सिनेमाघरों में आएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पहले पार्ट की शूटिंग पूरी हो चुकी है ।



# सनम तेरी कसम 2 में श्रद्धा की एंट्री



कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद इंडिया ने पाकिस्तान पर अटैक किया था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आर्मी ने वायु और थल से पाकिस्तान में कई जगह तबाही मचाई थी। इसके बाद हर तरह से पाकिस्तानियों का बायकॉट भी हुआ था। उधर आर्मी तो इधर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री ने पाकिस्तानी कलाकारों का बहिष्कार कर दिया था। इसके बाद कई चीजें सामने आईं थीं। कभी पाकिस्तानी कलाकारों को बैन किया गया था तो किसी को फिल्म के पोस्टर से हटा दिया गया था।

**पाक एक्ट्रेस मावरा होकेन का पता साफ**

मशहूर फिल्म सनम तेरी कसम के सीक्वल से पाकिस्तानी एक्ट्रेस मावरा होकेन को बाहर कर दिया गया है। जी हां, पहले मावरा को इसके पोस्टर से हटाया गया था और अब सनम तेरी कसम 2 की स्टारकास्ट से बाहर किया गया है। श्रद्धा कपूर को मिली फिल्म? कई मीडियो रिपोर्ट्स में इस बात का दावा किया जा रहा है कि सनम तेरी कसम 2 में हर्षवर्धन राणे के साथ लीड रोल में श्रद्धा कपूर नजर आ सकती हैं। लोगों को जब से श्रद्धा का नाम पता चला है सभी काफी खुश रहें और कहा जा रहा है कि वो इस फिल्म के लिए बेहतरीन चॉइस साबित हो सकती हैं। उन्होने आशिकी 2 जैसी फिल्म में शानदार काम करके अपने अभिनय का लोहा मनवाया था। अब कहा जा रहा है कि श्रद्धा कपूर इस फिल्म में हर्षवर्धन के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। हालांकि इन खबरों को लेकर अभी तक किसी तरह का आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। मावरा होकेन ने किए थे देश विरोधी पोस्ट इंडिया पाकिस्तान के युद्ध के दौरान सनम तेरी कसम एक्ट्रेस मावरा होकेन ने इंडिया के खिलाफ कई पोस्ट किए थे। इसके बाद मेकर्स भड़क गए थे और मावरा को सीधे फिल्म से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। इसके अलावा भारत सरकार ने पाकिस्तानी कलाकारों को सोशल मीडिया अकाउंट्स भी इंडिया में बैन करवा दिए थे जिसमें मावरा भी शामिल हैं।

# राजेश खन्ना की नातिन सुर्खियों में




दिग्गज बॉलीवुड एक्ट्रेस राजेश खन्ना की नातिन चर्चाओं में हैं। उन्हें फेमस प्रोडक्शन हाउस के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया, जिसके बाद उनके बॉलीवुड डेब्यू की अटकलें लग रही हैं। वहीं उनकी खूबसूरती पर भी लोग दिल हार रहे हैं। बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर रहे राजेश खन्ना की नातिन नाओमिका सरन एकाएक चर्चाओं में आ गई हैं। उनके बॉलीवुड में डेब्यू की अटकलें लगना शुरू हो गई। हाल ही में राजेश खन्ना और डिंपल कपाड़िया की बेटी रिंकी खन्ना की लाडली नाओमिका को फेमस प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया। 20 साल की नाओमिका धारीदार शर्ट के साथ शॉर्ट ब्लैक स्कर्ट में बड़े ही कूल अंदाज में दिखी। कार की ओर जाते समय उन्होंने पैपराजी की ओर देख हाथ हिलाया। तब वहां पर अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा भी स्पॉट हुए। इसके बाद दोनों के एक साथ काम करने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। नाओमिका एक्टर अक्षय कुमार की भतीजी भी हैं। वो फिलहाल अपनी खूबसूरती को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं। सोशल मीडिया पर लोग उनकी जमकर तारीफ करते नजर आ रहे हैं। कोई नाओमिका को फ्यूचर सुपरस्टार बता रहा है। तो कुछ लोग यह भी कहते दिख रहे हैं कि वो बहुत ही सुंदर हैं।

# 17 साल की नितांशी का कान में जलवा



78वें कान फिल्म फेस्टिवल में 'लापता लेडीज' फेम एक्ट्रेस नितांशी गोयल रेड कार्पेट पर उतर चुकी हैं। इसके साथ ही वो सिर्फ 17 साल की उम्र में कान के रेड कार्पेट पर उतरने वाली पहली बॉलीवुड अभिनेत्री भी बन गईं। ब्लैक ऑफ शोल्डर गाउन में नीतांशी का लुक काफी वायरल हो रहा है। नीतांशी ने कान में अपने डेब्यू पर खुशी जताते हुए अपनी तस्वीरों के साथ एक पोस्ट भी सोशल मीडिया पर साझा की है। कान की रेड कार्पेट पर अपने डेब्यू से उत्साहित नीतांशी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की है। नितांशी ने लिखा, "मैंने कान्स में रेड कार्पेट पर वॉक किया। यह कहना अभी भी एक सपना लगता है। इस मंच पर भारतीय सिनेमा का प्रतिनिधित्व करना एक सम्मान है, जिसे मैं हमेशा संभालकर रखूंगी। मेरे परिवार, मेरी टीम, मेरे दर्शकों को - मुझे प्यार करने, मेरा मार्गदर्शन करने और मेरे साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद। यह सिर्फ मेरा पल नहीं है, यह हमारा है।" नितांशी गोयल कान में फिल्म डोजियर 137 की स्क्रीनिंग के लिए पहुंची थीं। कान के अपने डेब्यू में नितांशी मोनिका और करिश्मा के डिजाइन किए हुए ब्लैक कलर के ऑफ शोल्डर गाउन में नजर आईं। जिसमें भारी गोल्डन एम्ब्रॉइडरी थी। कान के लिए उन्हें श्रे और ऊर्जा ने स्टाइल किया था। नितांशी ने अपने लुक को चोकर नेकलेस, स्टड ईयरिंग्स और एक सटल हेयरस्टाइल के साथ बेहद खूबसूरती से कंप्लीट किया। नितांशी के रेड कार्पेट लुक के अलावा उनका ट्रेडिशनल इंडियन लुक भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उन्होंने आइवरी साड़ी पहनकर इंडियन सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्रियों को ट्रिब्यूट दिया। दरअसल, एक्ट्रेस ने अपने बालों में एक खूबसूरत हेयर एक्सेसरी लगा रखी थी। जिसमें मोतियों की माला लगी हुई थी और इसमें छोटे-छोटे फ्रेम लगे हुए थे। इन फ्रेम में मधुबाला, रेखा, श्रीदेवी, वैजयंती माला, हेमा मालिनी, वहीदा रहमान और नूतन जैसी मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्रियों की तस्वीरें लगी हुई थीं। नितांशी का यह लुक वायरल हो रहा है।



# अनन्या पांडे ने कराई हिप्स की सर्जरी?

एक पॉडकास्ट के दौरान अनन्या पांडे ने कहा कि जब वह पतली थीं तो मजाक उड़ाया जाता था। अब उम्र बढ़ने के साथ शरीर भर रहा है तो भी लोग बोलते हैं कि सर्जरी करवाई है। वह बोलीं, 'जब मैं फिल्मों में आई तो 18 या 19 साल की थी, मैं बहुत पतली थी। हर कोई मेरा मजाक उड़ाता था। लोग बोलते थे, 'तुम्हारे पैर मुर्गे जैसे हैं। तुम माचिस की तीली लगती हो। तुम्हारे हिप्स नहीं हैं।' तो पहले ये सब था।'अनन्या आगे बोलीं, 'अब मैं नैचुरली बढ़ रही हूं, मेरा शरीर भर रहा है तो लोग ये सब बोल रहे हैं, 'हो ही नहीं सकता, उसने तो अपने बट्स की सर्जरी कराई है। आप किसी भी शेप के हों। लोग आपके बारे में कुछ न कुछ कहेंगे और आलोचना करेंगे। आप उनसे कभी नहीं जीत सकते, खासकर अगर आप औरत हैं। मुझे नहीं लगता कि वे लोग पुरुषों के साथ ऐसा करते हैं।' अनन्या बोलीं, 'यह हमारी भी गलती है क्योंकि हमने ही ब्यूटी के मानक तय कर दिए हैं। अनन्या पांडे की डेब्यू फिल्म स्टूडेंट ऑफ द इयर 2 साल 2019 में रिलीज हुई थी। डेब्यू के वक्त वह करीब 20 साल की रही होंगी।

## सुर्खियां



# मंदाना और देवरकोंडा केवल दोस्त नहीं ...

विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना अपने कथित रिलेशनशिप की वजह से सुर्खियों में हैं। विजय और रश्मिका ने न तो इस बात की पुष्टि की है और न ही इस बात का खंडन किया है। हालांकि दोनों ने हमेशा यही कहा है कि वे केवल अच्छे दोस्त हैं, लेकिन प्रशंसकों का मानना है कि वे सिर्फ दोस्त से कहीं बढ़कर हैं। वहीं दोनों ने गीता गोविंदम और डियर कॉमरेड जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। वहीं अब एक इंटरव्यू के दौरान विजय देवरकोंडा ने रश्मिका और लिंकअप की अफवाहों के बारे में बात की। बता दें कि एक इंटरव्यू में विजय देवरकोंडा से पूछा गया कि इंडस्ट्री के अंदरूनी लोग अक्सर उन्हें लिंक करते हैं और अगर अफवाहें सच हैं। इस सवाल का जवाब देते हुए एक्टर ने कहा कि, "अंदरूनी लोगों से पूछें"। वहीं रश्मिका मंदाना के साथ अपनी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री के बारे में बात करते हुए विजय देवरकोंडा ने कहा, "मैंने रश्मिका के साथ पर्याप्त फिल्में नहीं की हैं। मुझे और करनी चाहिए। वह एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं। वह एक खूबसूरत महिला हैं। इसलिए केमिस्ट्री कोई समस्या नहीं होनी चाहिए"। इसके अलावा उन्होंने रश्मिका के अच्छे और बुरे गुणों के बारे में बात की। विजय देवरकोंडा ने कहा, "अच्छाः वह बहुत मेहनती है। वह अपनी इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प से किसी भी चीज को हरा सकती है। वह बहुत दयालु है और अपने ऊपर सभी की सुविधा और खुशी को प्राथमिकता देती है। बुराः ऊपर बताए गए जैसा ही। उसे थोड़ा संतुलन बनाने की जरूरत है"। वहीं पिछले साल, विजय और रश्मिका की मालदीव यात्रा ने संभावित वेडिंग की घोषणा के बारे में अटकलों को हवा दी थी। यह भी कहा गया था कि दोनों अभिनेता जल्द ही अंगूठियां बदलेंगे। हालांकि, बाद में एक्टर ने स्पष्ट किया कि वह न तो सगाई कर रहे हैं और न ही शादी कर रहे हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा, "मैं फरवरी में सगाई या शादी नहीं कर रहा हूं। ऐसा लगता है कि प्रेस हर दो साल में मेरी शादी करवाना चाहता है। मैं हर साल यह अफवाह सुनता हूं। वे बस मुझे पकड़ने और मेरी शादी करवाने के लिए इधर-उधर घूम रहे हैं। "आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कुछ दिनों पहले ऐसी खबरें आई थीं कि रश्मिका और विजय वीडी 14 के लिए फिर से साथ आएंगे, जिसका निर्देशन राहुल सांकृत्यायन करेंगे।

# कान्स रेड कार्पेट पर नैंसी त्यागी का जलवा



हाल ही में कान्स फिल्म फेस्टिवल को लेकर काफी चर्चा चल रही है। इस फिल्म फेस्टिवल में कई सारे बड़े सितारे शामिल हुए हैं। लेकिन, पिछली बार की तरह इस बार भी लोगों का ध्यान नैंसी त्यागी की बेहतरीन की ड्रेस ने खिंचा। कमाल की बात ये है कि कान्स में ये दूसरी बार है, जब नैंसी रेड कार्पेट पर सुर्खियां बटोर रही हैं। इसके पहले साल 2024 में नैंसी ने कान्स में अपना डेब्यू किया था, जिसके लिए उन्हें काफी सराहना मिली थी। नैंसी को दोबारा से रेड कार्पेट पर देखने के लिए उनके फैंस काफी बेताब थे। हालांकि, लोगों की बेसब्री उस वक्त खत्म हुई जब नैंसी 16 मई की रात रेड कार्पेट पर आईं। इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर इसके बारे में पोस्ट किया था। नैंसी ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर स्टोरी शेयर की थी, जिसमें उन्होंने लिखा था कि सेकेंड राउंड के लिए तैयार। जिसके कुछ वक्त के बाद से ही नैंसी का लुक पूरे सोशल मीडिया पर छा गया। नैंसी ने जो ड्रेस कान्स के रेड कार्पेट पर पहनी थी, वो उन्होंने खुद ही बनाया था, जो कि फूलों से इंस्पायर था। नैंसी का इस बार अपने रेड कार्पेट ड्रेस का विजन फ्लोरल डिजाइन, वॉल्यूम और शिमरी इफेक्ट था। कान्स में नैंसी की ड्रेस पर सबसे ज्यादा ध्यान उनके शोल्डर पर बने रोज शेप डिजाइन ने खिंचा, जो कि बेहद खूबसूरत था। उनकी ड्रेस ग्रीन कलर की थी, जिसकी तस्वीर उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर शेयर की है। कान्स 2024 में नैंसी ने अपना डेब्यू किया था। उस दौरान उन्होंने पिंक कलर का लॉन्ग फ्लेयर्ड गाउन पहना था, जिसे उन्होंने खुद डिजाइन भी किया था और बनाया भी था। लोगों ने उनकी उस लुक पर भी प्यार लुटाया था।

# कैंसर से हार गईं सिंगर गायत्री हजारिका



संगीत के क्षेत्र में एक बार फिर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हाल ही में असमिया सिंगर गायत्री हजारिका की डेथ की खबर सामने आई है। गायत्री हजारिका काफी फेमस चेहरा हैं, हालांकि उनकी डेथ की वजह कोलन कैंसर बताई जा रही है। गायत्री 44 साल की थी, 16 मई को दोपहर में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। गायत्री की निधन की खबर सुनकर उनके फैंस को काफी निराशा हुई है। गायत्री हजारिका अपने कई सारे गाने के लिए फेमस हैं, लेकिन "ज़ोरा पाटे पाटे फागुन नामे" और "रति रति मोर जून" उनके मोस्ट फेमस गानों में से एक है। गायत्री लंबे वक्त से कोलन कैंसर से जंग लड़ रही थीं, जिसके चलते गुवाहाटी के नेमकेयर अस्पताल में उन्होंने अपनी आखिरी सांस ली।

गायत्री असम में ही पली बढ़ी थी, जिसकी वजह से वो पारंपरिक तौर पर लोगों की पसंदीदा थीं। वो लीड सिंगिंग और लाइव परफॉर्मर थीं।

गायत्री की डेथ की खबर को सुनने के बाद

श्रद्धांजलि दे रहा है। हालांकि, काफी कम लोगों को सिंगर की इस बीमारी के बारे में पता था, इस वजह से भी लोग काफी सदमे में हैं। गायत्री की डेथ की कंफर्मेशन नेमकेयर अस्पताल की तरफ से ही किया गया है। गायत्री के ऑफिशियल सोशल मीडिया पेज पर 2000 से ज्यादा लोग शामिल थे, जो कि उन्हें सुनना और उनसे जुड़ा रहना पसंद करते हैं। सोशल मीडिया पर सिंगर की डेथ पर शोक मनाते नजर आ रहे हैं। एक यूजर ने उनकी इस मुश्किल जर्नी के समय को याद किया है। एक यूजर ने लिखा कि गायत्री काफी टैलेंटेड सिंगर थी, जिन्होंने इस खतरनाक बीमारी के खिलाफ जंग लड़ी है। गायत्री के गाने अभी भी विंक म्यूजिक और गाना जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर अवेलेबल हैं।

# हेरा फेरी 3 नहीं दिखेंगे बाबूराव



हेरा फेरी फिल्म के दोनों पार्ट लोगों को काफी पसंद आए। सबको इंतजार एक बार फिर बड़े पर्दे पर राजू, श्याम और बाबूराव की तिकड़ी को देखना का था। इस बीच परेश रावल ने हेरा फेरी 3 छोड़ दी। कॉमेडी फिल्म हेरा फेरी के तीसरे सीक्वल से जुड़ी ऐसी खबर सामने आई, जिसने फैंस को निराश कर दिया। हेरा फेरी 3 से बाबूराव के किरदार में परेश रावल नहीं आएंगे। जी हां, बीते दिन ही खबर सामने आई कि क्रिएटिव मतभेद के चलते परेश ने फ्रेंचाइजी के अगले पार्ट से अलग होने का फैसला लिया है। हेरा फेरी फिल्म के दोनों पार्ट लोगों को काफी पसंद आए। सबको इंतजार एक बार फिर बड़े पर्दे पर राजू, श्याम और बाबूराव की तिकड़ी को देखना का था। इस बीच परेश रावल ने हेरा फेरी 3 छोड़ दी। उन्होंने खुद इसे कंफर्म किया है। वहीं उनके इस फैसले पर सुनील शेट्टी का भी रिएक्शन सामने आया है। उन्होंने बताया कि कैसे हेरा फेरी उनकी, अक्षय और परेश रावल की तिकड़ी के बिना अधूरी है। सुनील शेट्टी ने 'बॉर्डर' और 'हेरा फेरी' जैसी फिल्मों से जुड़ा अपना एक्सपीरियंस शेयर किया और बताया कि कैसे ऐसी फिल्मों की कहानियां प्रभाव डालने के लिए हर किरदार की मौजूदगी पर निर्भर करती हैं। उन्होंने कहा, 'मैं बॉर्डर का हिस्सा था। सभी को समान प्यार और तारीफ मिली, और आज तक हम उन किरदारों को याद करते हैं। बात जब हेरा फेरी की आती है तो उसमें अगर बाबू भईया और राजू (अक्षय कुमार) नहीं हैं, तो श्याम का अस्तित्व ही नहीं

# किसानों के हक में का बड़ा फैसला, सीआईएसएफ के जवानों को मिलेगा घर

## ग्रेनो प्राधिकरण की 139वीं बोर्ड बैठक

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड की शनिवार को संपन्न बोर्ड बैठक में



किसानों के पक्ष में एक अहम फैसला लिया गया। किसानों के बैकलीज के प्रकरणों पर बोर्ड के निणयों में लिपिकीय त्रुटि (जैसे लाभार्थी का नाम, एरिया आदि) को संशोधित करने के लिए सीईओ को अधिकृत कर दिया गया है। इसके लिए सीईओ की तरफ से एक समिति गठित की जाएगी। अभिलेखों की जांच कर समिति के संस्तुति के आधार पर सीईओ के अनुमोदन से ही लिपिकीय त्रुटि को दुरुस्त कर लिया जाएगा। इसके लिए अब बोर्ड बैठक से अनुमति का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 139वीं बोर्ड बैठक हुई। मुख्य सचिव इस बोर्ड बैठक में ऑनलाइन जुड़े। इसमें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ सुनील कुमार सिंह, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस, एसीईओ प्रेरणा सिंह, यीडा के एसीईओ कपिल सिंह, एडीएम बच्चू सिंह, ग्रेनो प्राधिकरण के ओएसडी अभिषेक पाठक, महाप्रबंधक वित्त विनोद कुमार, महाप्रबंधक नियोजन लीनू सहगल,



ओएसडी गिरीश कुमार झा, ओएसडी जितेंद्र गौतम, उपमहाप्रबंधक अभिषेक जैन सहित ग्रेनो प्राधिकरण व के अधिकारी व अन्य सदस्य महकमों के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे। नोएडा के सीईओ डॉ लोकेश एम व कई अन्य अधिकारीगण भी बोर्ड बैठक में ऑनलाइन जुड़े। बैठक में किसानों के पक्ष में लीज बैक के प्रकरणों बोर्ड के निणयों की लिपिकीय त्रुटि ( जैसे लाभार्थी का नाम, एरिया आदि) को संषोधित करने का अधिकार सीईओ की तरफ से गठित समिति को देने का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने अनुमति दे दी। अब लीजबैक में लिपिकीय त्रुटि को संशोधित करने के लिए हर बार एजेंडा बोर्ड के समक्ष नहीं रखा जाएगा, बल्कि लिपिकीय त्रुटि को संशोधित करने का अधिकार सीईओ की तरफ से गठित समिति को दे दिया गया है। अभिलेखों की जांच के उपरांत समिति के संस्तुति पर सीईओ लिपिकीय त्रुटि को अनुमोदित कर देंगे और इसे यहीं दुरुस्त कर लिया जाएगा। इससे बैकलीज में विलंब नहीं होगा।

### नॉलेज पार्क-5 में बनेगा ईएसआईसी का हॉस्पिटल

**ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने शनिवार को एक और अहम फैसला लिया है। प्राधिकरण बोर्ड ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम का हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा में बनाने के लिए 5000 रुपये प्रति वर्ग की दर से जमीन आवंटित करने पर सहमति दे दी है। यह हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-5 में 29300 वर्ग मीटर भूखंड पर बनेगा। ग्रेटर नोएडा के उद्यमी ईएसआईसी हॉस्पिटल बनाने के लिए आए दिन प्राधिकरण के समक्ष मांग उठाते रहते हैं। सीईओ एनजी रवि कुमार ने ईएसआईसी के हवाले से बताया कि यह अस्पताल तीन साल में बनकर तैयार होगा। इसे बनाने में करीब 550 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके बन जाने से ग्रेटर नोएडा और आसपास कंपनियों व फैक्ट्रियों में काम करने वालों इजाज कराने की सुविधा हो जाएगी। जिले में अभी तक ईएसआईसी का एक मात्र हॉस्पिटल नोएडा के सेक्टर 24 में बना है।**

### सीआईएसएफ के जवानों को ग्रेनो में मिलेगा आवास

**नोएडा एयरपोर्ट में तैनात होने वाले सीआईएसएफ के जवानों के लिए आवास की सुविधा का हल निकल गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण से निर्मित 812 फ्लैट सीआईएसएफ को आवंटित किए जाएंगे। ये फ्लैट ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमीक्रॉन वन ए में स्थित हैं। ये फ्लैट एमआईजी व एलआईजी कैटेगरी के हैं। इन फ्लैटों की कीमत निर्धारित कर सीआईएसएफ को भेज दिया है। इससे नोएडा एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात होने वाले सीआईएसएफ के स्टाफ को बड़ी सुविधा हो जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। इसके साथ ही करीब 192 फ्लैटों को पुलिस, कोर्ट, जिला प्रशासन सहित अन्य सरकारी महकमों को भी आवास के परपज से आवंटित करने का भी निर्णय लिया गया।**

# बीएचईएल के खिलाफ श्रमिकों का धरना जारी

**नोएडा (चेतना मंच)।** बीएचईएल के प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ श्रमिकों का धरना 15वें दिन भी जारी रहा। श्रमिकों की मांग है कि काम से रोके गए सभी श्रमिकों को काम पर वापस लिए जाए तथा श्रम आयुक्त केंद्रीय द्वारा लिखित में दिए गए सुझावानुसार वेतनमान लागू किया जाए।




सीटू जिला अध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि बीएचईएल के प्रबंधन की मनमानी, तानाशाही के खिलाफ 15वें दिन भी भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड प्लॉट नंबर-25 सेक्टर- 16ए फिल्म सिटी में सीटू के बैनर तले श्रमिकों का प्रदर्शन जारी रहा।

उन्होंने बताया कि बीएचएल ने गैरकानूनी तरीके से कर्मचारी सुरेंद्र सिरसवल, रणजीत सिंह चौटाला, मनमोहन सागर, प्रदीप कुमार, विनोद कुमार, प्रदीप कुमार (पर्यवेक्षक), उत्तम राहा, कृष्णपाल, शालू, सुजाता, बीना, वंदना हलदर, सोनी, गुलाबो, गुड्डी, रतन दास, ग्रीस व अमर को निकाल दिया है। इन्हें वापस लिए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन चल रहा है।

श्रमिकों के ऊपर हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ आगामी 9 जुलाई को सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन भी किया जाएगा।




**तहसील जेवर के ग्राम रन्हैरा गांव में सिंचाई विभाग द्वारा पथवाड़ा ड्रेन का चौड़ीकरण व पुलियाओं की साफ सफाई कराई जा रही हैं। यह कार्य बरसात के मौसम में जल प्रवाह में बाधा उत्पन्न न हो इस उद्देश्य से किया जा रहा है।**

# बिना लाइसेंस शराब पिलाने पर बार रेस्टोरेंट पर सख्त एक्शन



**नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णतया अंकुश लगाने के लिए आबकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी नियमित रूप से चेकिंग अभियान संचालित करते हुए शराब माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं। साथ ही बार एवं रेस्टोरेंट में बिना लाइसेंस वालों पर शराब परोसने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की जा रही है।

जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि विगत दिवस जनपद की आबकारी टीम व मेरठ प्रवर्तन की संयुक्त टीम द्वारा गार्डन गलेरिया स्थित इवेंट बार रेस्टोरेंट एवं बार रेस्टोरेंट , वातावरण, बिग बॉयज, टॉय बॉय, डी मायर, लार्ड ऑफ ड्रिंक आदि का निरीक्षण करते हुए नियमानुसार संचालन को सुनिश्चित किया गया। सभी रेस्टोरेंट बार संचालको को उनके परिसर में अन्य प्रांत की शराब पाये जाने एवं बिना लाइसेंस शराब पिलाए जाने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी गई। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आगे भी पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णता अंकुश लगाने के उद्देश्य से आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा अभियान चला कर प्रवर्तन कारवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## पूर्व प्रवक्ता उषा विकल की पुण्य तिथि मनाई

दादरी। दादरी स्थित मिहिर भोज इंटर कालेज की पूर्व रसायन विभागाध्यक्ष स्व. उषा विकल की 6वीं पुण्य तिथि उनके आवास पर रेलवे रोड स्थित पुराना केनरा बैंक बिल्डिंग में मनाई गई। इस मौके पर उपस्थित दादरीवासियों ने उनको श्रद्धांजलि दी।



मिहिर भोज इंटर कालेज की पूर्व रसायन विभागाध्यक्ष स्व. उषा विकल ने एमएससी रसायन विज्ञान एवम बीएड सागर विवि मध्य प्रदेश से की। इसके अलावा मेरठ विवि से संस्कृत एवम इतिहास में उन्होंने एमए किया। अपने अध्यापन काल में उनको एक आदर्श टीचर के रूप में जाना जाता था।

इस अवसर पर डा0आनंद आर्य, स्वेता अवाना, शोभित विकल, आर्य नवोदित और मिलिंद आदि उपस्थित रहे।

# गौतमबुद्धनगर में सामुदायिक सशक्तीकरण की नई पहल



**नोएडा (चेतना मंच)।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जनपद में होंडा इंडिया फाउंडेशन द्वारा विगत दिवस 'संभव है- स्वस्थ जीवन का आधार' थीम के अंतर्गत एक कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

बाल विकास परियोजना अधिकारी दनकौर संध्या सोनी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ज़मीनी स्तर पर लोगों में स्वास्थ्य, कल्याण और समग्र जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में सामूहिक क्षमता निर्माण पर ज़ोर देते हुए विविध इंटरऐक्टिव सेशन्स और विशेषज्ञ संवाद आयोजित किए गए। इनमें गैर-संचारी रोगों, तनाव प्रबंधन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

समूह गतिविधियाँ, विचार-मंथन सत्र और प्रतिभागियों को सम्मानित करने के आयोजन ने संवाद को और भी प्रभावी बना दिया। इस दौरान स्थानीय समुदाय, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए और मिलकर एक स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस आयोजन ने न केवल होंडा इंडिया फाउंडेशन की शिक्षा और सशक्तिकरण के माध्यम से समुदायों के स्वास्थ्य और समृद्धि को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराया, बल्कि यह दर्शाया कि स्वास्थ्य, कल्याण और जीवनशैली पर केंद्रित संवाद सामुदायिक विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है।

